पुनर्धैर्यं समालम्ब्य दैत्य - राजो महा - बलः ।
स्वर्ण - पृष्ठं धनुर्दिव्यमक्षतं रिपु - सूदनम् ।।८
ईदृशं तत् समादाय नमरो दैत्य - सत्तमः ।
आकृष्य च धनुः श्रेष्ठं बाणानादाय सत्वरः ।।९
स्वर्ण-पुङ्खाँस् तैल-धौतान् बाणानाशी-विषोपमान् ।
विव्याध तां महा-भीम-चण्डिकां दैत्य-घातिनीम् ।।१०

ततः सा चण्डिका ब्रह्मन्! क्रोधात् संरक्त-लोचना ।
चकार तिलशः सर्वान् बाणानाशी-विषोपमान् ॥११

पञ्च-बाणान् पुनर्गृह्य दारुणान् वज्र-सन्निभान् ।
विव्याध नमरं वीरं हृदये दैत्य - सत्तमम् ॥१२

विध्य-मानस्तया हृदि मूर्च्छितो न्यपतद् भुवि ।
लब्ध-संज्ञस्तु दैत्येन्द्रो युद्धाय कृत - निश्चयः ॥१३

आकृष्य च धनुः-श्रेष्ठं सिंह-नादं चकार सः ।
तेन नादेन महता कम्पितं भुवन - त्रयम् ॥१४
दश बाणान् समादाय नमरो दैत्य-सत्तमः ।
विव्याध तां च वै देवीं ललाटे मुनि-पुङ्गव ! ॥१५

ततः क्रोधान्विता देवी चण्डिका भीम-विक्रमा ।
दश-पञ्च-शतान् बाणान् परिगृह्य महा-बला ॥१६
आचिक्षेप च तं वीरं बाह्वोर्मध्ये द्विजोत्तम !
ततो दैत्येश्वरः क्रुद्धो नमरो मुनि - सत्तम ! ॥१७
बहुशः परि-जग्राह बाणानाशी - विषोपमान् ।
तस्याः सिंहं च विव्याध विव्याध दशभिश्च ताम् ॥१८
सा चिच्छेद च तान् सर्वान् बाणान्नमर-प्रेषितान् ।
ततः क्रोध-वती देवी चक्रं जग्राह वै रुषा ॥१९

चिच्छेद च शिरस्तस्य नमरस्य द्विजोत्तम !
निहते नमरे दैत्ये चिक्षुरश्च महा-बलः ॥२०

हा-हेति नमरं कृत्वा चिक्षुरो बलवान् मुने !
सैन्यैर्बहुभिरभ्येत्य शोक - व्याकुल - लोचनः ॥२१

परि-गृह्य दृढं चापं स्वर्ण-पुङ्खं दुरासदम् ।
बहून् बाणान् समादाय नाराचान् रक्त-भोजनान् ॥२२
प्रेषयामास दैत्येन्द्रो देवीं देव-स्वरूपिणीम् ।
सा चैवं वै द्विज-श्रेष्ठ ! जवसोच्चैर्ननाद च ॥२३

शङ्ख-चक्र-धरा देवी खड्ग - मुद्गर - धारिणी ।
सिंह-पृष्ठ-स्थिता नित्या दैत्य-सैन्य-विनाशिनी ॥२४
द्विधा-कृत्य च तान् बाणान् नाराचान् रक्त-भोजनान् ।
चक्रेण शित - धारेण रथं सारथिना सह ।
जघान देवी सा नित्या चण्डिका भूत-धारिणी ॥२५

खड्गं जग्राह तीक्ष्णाग्रं द्वीपि-चर्म दृढं मुने !
अभ्यधावत् तथा क्रुद्धो हताश्वो हत-सारथिः ।।२६

खड्ग-हस्तं तमायान्तं दृष्ट्वा दैत्यं महा-बलम् ।
पुनर्जहास सा देवी चण्डिका भीम-विक्रमा ।
चकार तिलशः खड्गं चर्म चिच्छेद सा द्विधा ।।२७

छिन्नं खड्गं ततो दृष्ट्वा क्रोधात् संरक्त-लोचनः ।
जग्राह मुद्गरं भीमं चण्डिका - निधनोद्यतः ।।२८

मुद्गरं प्रेषितं तेन चिक्षुरेण महात्मना ।
दूरीचकार तं साऽपि मुद्गरं शत्रु - नाशनम् ।।२९

मुद्गरं वितथं दृष्ट्वा चिक्षुरो दैत्य-सत्तमः ।
शक्तिं जग्राह विप्रर्षे ! हन्तुं देवीमुपाययौ ।।३०

तमायान्तं तदा दृष्ट्वा चण्डिका चण्ड-विक्रमा ।
पश्यतामेव देवानां शिरः कायादपाहरत् ।।३१

पपात निहतो दैत्यश्छिन्न-मूलो यथा द्रुमः ।
चिक्षुरो निहतो ब्रह्मन् ! स - सैन्य-बल-वाहनः ।
देव्या दिव्य-स्वरूपिण्या दैत्य - सेनापतिर्द्विज ।।३२

।। इत्याद्ये श्रीचण्डी-पुराणे चिक्षुर-वधो नाम सप्तमोऽध्यायः ।।

अष्टमोऽध्यायः

[अथ महिषासुर-वधः]

।। मार्कण्डेय उवाच ।।

श्रुत्वा तु निहतं वीरं नमरं चिक्षुरं तथा ।
महिषोऽपि च दैत्येन्द्रो महत् - सैन्यैरुपागतः ।।१

कोटि-कोटि-सहस्रैस्तु दैत्य - सैन्यैः समन्ततः ।
अन्धकः प्रययौ ब्रह्मन् ! महिषस्य पुरोगमः ।।२

तारकश्च ययौ तत्र कोटि - कोटिभिरन्वितः ।
विडालास्या महा-वीरा महा-काया महा-बलाः ।।३

दशभिश्च सहस्रैश्च ययुस्तस्य पुरोगमाः,
काबन्धाश्च महत् - सैन्यैरयुतैः प्रयुतैर्मुने ।
ययुर्दैत्य - गणैः सार्धं महा - बल - पराक्रमा ।।४

काम्बोजाश्च शकाश्चैव चीनाश्चापि महा-बलाः ।
ययुर्दैत्य - भटाः सर्वे पत्तिभिश्च समन्विताः ।।५

यवनाः सौभकालेया महा-काया महा - बलाः ।
प्रययुश्च ततो दैत्याः सहस्रैः पत्तिभिर्वृताः ।।६

कालकेया महा-वीराः कोटि-कोटिभिरन्विताः ।
योद्धु-कामा द्विज - श्रेष्ठ ! ययुर्दैत्य-भटास्तथा ।।७

एते चान्ये च बहवो दैत्याः सर्वे समागताः ।
धूम्राक्षो धूम्र-केतुश्च धूम्र-माली महा-बलः ।।८

धुन्धुर्नामा महा - वीरस्तथा वै धूम्र - लोचनः ।
शुम्भश्चापि निशुम्भश्च चण्ड-मुण्डौ महा-बलौ ।।९

घोरस्य च सुतो वीरो रक्त-बीजो महा-बलः ।
महिषस्य सुतौ चापि ख्यातौ सुक्षेप - सुन्दकौ ।।१०

एतैश्चान्यैश्च बहुभिरावृतो महिषो बली ।
तां ददर्श महा - मायां सिंहारूढां महा - बलाम् ।।११

चक्रुर्दैत्य-भटाः सर्वे सिंह - नादं पृथक् - पृथक् ।
कम्पयन्तो धरां सर्वां स - शैल - वन - काननाम् ।।१२

एतस्मिन्नन्तरे ब्रह्मन् ! चण्डिका भीम-विक्रमा,
ननाद देवी विप्रर्षे ! सिंह - नादं मही - तले ।
तेन नादेन महता कम्पितं भुवन - त्रयम् ॥१३

ततः क्रुद्धो महा - वीरो महिषो दैत्य - सत्तमः ।
रुरोध पर्वत-श्रेष्ठं विन्ध्यं गिरि - वरोत्तमम् ॥१४

पर्वतादवतीर्याथ चण्डिका चण्ड - विक्रमा ।
योधयामास तैः सार्धं देवी दिव्य - पराक्रमा ॥१५

दैत्य - राजस्ततः क्रुद्धो महिषो भीम - विक्रमः ।
ववर्ष सायकैस्तीक्ष्णैर्नाराचै रक्त - भोजनैः ॥१६

छन्ना जाता द्विज-श्रेष्ठ ! चण्डिका देव-रूपिणी ।
विधूनयति सा देवी बाणानाशी - विषोपमान् ॥१७

महिषोऽपि महा-वीर्यः सर्व - सैन्य - समन्वितः ।
परि-गृह्य धनुर्दिव्यं सुदृढं स्वर्ण - भूषणम् ॥१८

बाणानाशी-विष-कल्पान् कार्त्त-स्वर-विभूषितान् ।
आदाय च महा - वीरः सर्व-सैन्य-समन्वितः ॥१९

विस्फार्य सुदृढं चापं बाणानादाय सत्वरः ।
प्रैंखयत् सु-महा-वीर्यश्चण्डिकां काम-चारिणीम् ॥२०

बाण-विद्धा तु सा देवी महिषेण दुरात्मना ।
क्रुद्धा भगवती देवी चक्रमादाय सत्वरा ॥२१

तेन सार्द्धमभूद् युद्धं सर्व - देव - भयङ्करम् ।
चिक्षेप दैत्य-राजाय घोर - रूपं भयावहम् ॥२२

दैत्येन्द्रोऽपि महा-वीर्यश्चक्रमादाय वेग-वान् ।
प्राहिणोद् वै सु-चक्राय चक्रं छित्त्वा महा-मुने ! ॥२३

ततो भगवती ब्रह्मन् ! क्रोधात् संरक्त-लोचना ।
सिंह-नादं विनद्योच्चैर्बाणानादाय सत्वरा ॥२४

ताडयामास दैत्येन्द्रं हृदये मुनि - पुङ्गव !
विभिद्य हृदयं क्षिप्रं भुवं प्राप्ताः खराः शराः ॥२५

ततो दैत्येश्वरः क्रुद्धो महा-बल-पराक्रमः ।
घोरां शक्तिं प्रचिक्षेप देव-सैन्य-विनाशिनीम् ॥२६

तामापतन्तीं सम्प्रेक्ष्य चण्डिका भीम-विक्रमा।
द्विधा चकार चक्रेण सा पपात महीं-तले॥२७

निष्फलां पतितां दृष्ट्वा महिषः क्रोध-मूर्च्छितः।
परिगृह्य दृढं चापं स्वर्ण-पृष्ठं दुरासदम्॥२८

आकृष्य च ततो बाणान् हेम-पुङ्खान् शिली-मुखान्।
हृदयं विव्याध तस्याः प्रहसन् मुनि-पुङ्गव!॥२९

तदा क्रुद्धा महा-माया चण्डिका भीम-विक्रमा।
चक्रेणैव ततो दैत्याञ्जघान परमेश्वरी॥३०

दैत्य-देहोद्भवं रक्तं बहुशः परि-पूरितम्।
रुधिराच्च समुद्भूता नदी घोरा भयावहा॥३१

उष्णीषं फेन-वद् भाति द्वीप-वद् भाति वै गजः।
मत्स्य-वद् भाति खड्गो वै नक्र-वद् भाति तोमरः॥३२

ईदृशी सा नदी जाता राक्षसैरुप-शोभिता।
काक-श्येन-युता भीमा शिवा-शत-निनादिनी॥३३

वेताल-गण-संकीर्णा भीम-घोष-भय-प्रदा।
महिषस्तु महा-वीर्यस्तां दृष्ट्वा हृत-मानसः॥३४

उत्तीर्य सहसा वीरः सर्व-सैन्य-समन्वितः।
गर्ज-मानां तु तां दृष्ट्वा चण्डिकां रक्त-लोचनाम्॥३५

सिंहारूढां महा-मायां धाव-मानां समन्ततः।
ववर्ष बाण-धाराभिर्वृष्टि-मानिव चाम्बुदः॥३६

तदा क्रोध-वशा देवी नव-चाप-समन्विता,
कृत्वा किल-किला-शब्दं घोर-रूपा महा-भया।
अभ्यधावत दैत्येन्द्रं हन्तु-कामा दुरासदा॥३७

तामायान्तीं समालोक्य दैत्य-राजो महा-बलः।
कृत्वा किल-किला-शब्दमभ्यधावद् रुषान्वितः॥३८

खड्ग-चर्म-धरो दैत्यो महा-बल-पराक्रमः।
आजघान मृगेन्द्रं च ननाद पर-वीरहा॥३९

स खड्गो हृदयं प्राप्य मृगेन्द्रस्य महात्मनः,
निरसारयद् रक्त-धारां पर्वते गैरिकं यथा।
ततः क्रोधाभिभूता च बाणानादाय सत्वरा॥४०

प्रेषयामास दैत्येन्द्रं चण्डिका क्रोध-मूर्च्छिता।
बाणेन विद्धो दैत्येन्द्रो माहिषं रूपमास्थितः ॥४१

प्रति-गृह्य त्रिशूलं सा हृदये दैत्य-पुङ्गवः।
त्यक्त्वा च माहिषं रूपं गज-रूपं समास्थितः ॥४२

सुन्दो दैत्यैर्जघानाशु देव्याः सिंहं बलाधिकम्।
सा बबन्ध महा-दैत्यं पाशेनैव सु-तेजसा ॥४३

पाश-बद्धं समाज्ञाय दैत्येन्द्रः कायमात्मनः।
गज-रूपं परित्यज्य माहिषं रूपमास्थितः ॥४४

लांगूलेन हतश्चाब्धिः प्लावयामास सर्वतः।
शृङ्गाभ्यां पर्वतानुच्चांश्चिच्छेद च ननाद च ॥४५

एतस्मिन्नन्तरे देवी पीत्वा पानं पुनः पुनः,
परि-गृह्य त्रिशूलं सा हृदयेऽभिजघान तम्।
अर्धं निष्क्रम-माणं तु माहिषाद् वपुषोऽसुरम् ॥४६

शूल-घाताभिभूतस्तु दैत्य-राजो महा-बलः,
खड्ग-चर्म-धरः सोऽपि योद्धु-कामो व्यवस्थितः।
हृदये स्तम्भितो दैत्यो न चचाल मही-तले ॥४७

ततः क्रोध-वती चण्डी खड्गमादाय सत्वरा।
महिषस्य शिरश्छित्वा पातयामास भू-तले ॥४८

तस्मिन् हते दैत्य-वरे महा-बले,
स्वस्थैव जाता धरणी द्विजोत्तम!
शेषाश्च दैत्याः स-बलाः स-वाहनाः,
पाताल-देशं विविशुर्भयार्ताः ॥४९

॥ इत्याद्ये श्रीचण्डी-पुराणे महिषासुर-वधो नाम अष्टमोऽध्यायः ॥

नवमोऽध्यायः

[अथ सुन्दोपसुन्द-वधः]

।। श्रीमैत्रेय उवाच ।।

मार्कण्डेय, द्विज - श्रेष्ठ, वेद - वेदाङ्ग-पारग !
किमकुरुत सा देवी, महिषे विनिपातिते ।। १

।। मार्कण्डेय उवाच ।।

महिषस्य सुतौ वीरौ, ख्यातौ सुन्दोपसुन्दकौ ।
तेपतुस्तौ तपश्चैव, वायु - भक्ष - रतौ मुने ! ।।२

शीर्ण - पत्राशिनौ दान्तौ, हराराधन - तत्परौ ।
एक-पाद-स्थितौ चोभौ, महा - बल-समन्वितौ ।।३

वर्षाणामयुतं ब्रह्मन् ! वायु - भोजन - तत्परौ ।
सन्तुष्टस्तपसा तेन, वृषारूढो महेश्वरः ।।४

तत्राजगाम देवेशो, यत्रोभौ तपसान्वितौ ।
'वरं वरय दैत्येन्द्रौ ! मनसो वाञ्छितं फलम्' ।।५

हरस्य वचनाद् ब्रह्मन्! त्यक्त्वा ध्यानं महा-बलौ ।
ऊचतुस्तौ महा-वीरौ, दैत्यौ सुन्दोपसुन्दकौ ।।६

'अजेयौ सर्व - देवैश्च, दानवैश्चापि शङ्कर !
यक्षैश्च चारणैश्चापि, गन्धर्वोरग - राक्षसैः ।।७

मानवैश्चापि देवेश ! भविष्यावो न संशयः,
त्वत् - प्रसादाच्च भूतेश ! सर्वमेतन्न संशयः ।'
एवमस्त्विति तौ प्रोच्य, जगाम त्रि-दिवं हरः ।।८

लब्ध्वा वरं हराद् दैत्यौ, महा - बल-समन्वितौ,
सैन्यान् सर्वान् समाहूय, विजये कृत - निश्चयौ ।
विजित्य त्रि-दशान् सर्वान्, राजत्वं चक्रतुर्मुदा ।।९

मर्त्य - भूतास्तदा देवाः, विचरन्ति मही-तले ।
सूर्यत्वं चक्रतुश्चैव, शशित्वं चापि वै मुने ! ।।१०

पावकत्वं यमत्वं च, पवनत्वं द्विजोत्तम !
इन्द्रत्वं च मरुत्त्वं च, ब्रह्मत्वं चक्रतुस्तदा ।।११

एवं पराजिता देवा, मर्त्य - भूता मही-तले ।
जग्मुश्च शरणं तस्य, देव - देवस्य चक्रिणः ।।१२

सूर्यः शशी यमश्चैव, पावकः पवनस्तथा ।
इन्द्रो ब्रह्मा द्विज-श्रेष्ठ ! दुःखिताः प्रययुस्तदा ।।१३

ददृशुर्देव - देवेशं, त्वादि - देवं जनार्दनम् ।
ब्रह्मादयः सुराः, सर्वे, हृत - राज्या हृतौजसः ।।१४

प्रणेमुस्तं द्विज - श्रेष्ठ ! देव - देवं सनातनम् ।
ऊचुः सुन्दार्दिता देवा, कम्पमानाः पुनः पुनः ।।१५

'सुन्दोपसुन्दकाभ्यां वै, हृत-राज्या वयं प्रभो !
किं कुर्मः, क्व च गच्छाम, कथं राज्याद्धि पातिताः' ।।१६

देवानां वचनं श्रुत्वा, भगवान् . जगदीश्वरः ।
आद्यां शक्तिं तदा स्तुत्वा, चिन्ता-व्याकुल-लोचनः ।१७

।। श्रीभगवानुवाच ।।

'माता त्वमेवासि पिता त्वमेव,
त्वमेव भ्राता च स्वसा त्वमेव ।
काष्ठा त्वमेवासि कला त्वमेव,
काल - स्वरूपाऽखिल - लोक - हेतुः ।।१८

अन्ने रसस्त्वं पुरुषेषु तेजः,
पुष्पेषु वासोऽपि गवां हि क्षीरम् ।
सूर्ये प्रभा त्वं शशिनोऽमृतं च,
हरेः श्रियं त्वां प्रणतोऽस्मि नित्यम् ।।१९

नित्या त्वमेवासि तथाऽप्यनित्या,
नित्याऽसि लोके खलु मोहिनीति ।
जागर्ति-रूपाऽसि जगत् - त्रयेऽपि,
ख्याताऽसि मायेति समस्त-देहिनाम् ।।२०

विद्या त्वविद्याऽसि सदैव भाविनी,
भूतादि - भूताऽसि दिवा च रात्रिः ।
आद्यन्त-हीना ह्यविचिन्त्य - रूपा,
जलं स्थलं व्याप्य सदैव तिष्ठसि ।।२१

सगुणा निर्गुणा त्वं हि, सकला निष्कला तथा ।
उप - श्रुतिः श्रुतिश्चैव, स्वर्ग-मर्त्य-विभाविनी ।।२२

स्वधा स्वाहा परेशानी, काल-रात्रिश्च कालिका ।
परा वरा स्तम्भिनी च, योग-निद्रा सनातनी ।।२३
दुर्गा शाकम्भरी गौरी, पार्वती परमेश्वरी ।
सावित्री मङ्गला भद्रा, गायत्री च महा - बला ।।२४
माहेश्वरी च चामुण्डा, कौमारी वैष्णवी तथा ।
चामुण्डैन्द्री च वाराही, ब्रह्माणी नारसिंहिनी ।।२५

।। मार्कण्डेय उवाच ।।

एवं स्तुता तेन जनार्दनेन,
प्रोवाच वाक्यं परमेश्वरी सा ।
'हितं करिष्याम्यहं जनार्दन !
दिवौकसां चापि सदा मुनीनाम्' ।।२६
स्वमाश्रमं गता - देवा, देव - देवेश - प्रेषिताः ।
भगवानपि विश्वात्मा, महान् रेमे जगत्-पतिः ।।२७
ततः सा चण्डिका ब्रह्मन् ! मोहिनी-रूपमास्थिता,
आजगाम गिरि-श्रेष्ठं, विन्ध्य - पादं मनोहरम् ।
दिव्य - रूपा महा - माया ह्यतीव - सुमनोहरा ।।२८
एतस्मिन्नन्तरे चैव, समायातौ महा - बलौ ।
दैत्येश्वरौ महा - वीरौ, ख्यातौ सुन्दोपसुन्दकौ ।।२६
दृष्ट्वा तां तौ शुभां देवीं, मोहिनीं लोक-मोहनीम् ।
खड्गमादाय तौ वीरौ, 'ममेयं वर - वर्णिनी' ।।३०
'अहमेनां परिणेताऽस्मि, मम भार्या भविष्यति ।'
इति ब्रुवन्तौ तौ दैत्यौ, मोहिनीमभ्यधावताम् ।।३१
मोहिनी मोहयामास, निज - रूपेण भामिनी ।
मृदु - हास्य - वचो - भङ्गैरसुरावति - दारुणौ ।।३२
सुन्दः खड्गेन तं वीरमुपसुन्दस्तु सुन्दकम् ।
अन्योऽन्यं जघ्नतुर्वीरौ, मोहिन्यामभिलाषुकौ ।।३३
एवं दैत्य-वरौ नष्टौ, मोहिन्या द्विज - सत्तम !
विनाऽपि युद्धं दैत्येन्द्रैः, रक्त-पात-विवर्जितम् ।।३४
एवं सा चण्डिका नित्या, विष्णु-मायेति संज्ञिता ।
प्रभव - स्थिति - संहारं, लोकस्य कुरुते सदा ।।३५
शक्ति - स्वरूपा सा ज्ञेया, पर-शम्भु-समाश्रिता ।
सैवाविद्या तु विद्या च, बन्ध-मोक्ष-स्वरूपिणी ।।३६

।। इत्याद्ये श्रीचण्डी-पुराणे सुन्दोपसुन्द-वधो नाम नवमोऽध्यायः ।।

अथ दशमोऽध्यायः

(अथ मुरादि-दैत्य-निबर्हणम्)

॥ मैत्रेय उवाच ॥

कोऽसौ मुर इति ख्यातो, देवो यक्षोऽथ वाऽसुरः ?
कथं विष्णोः समाख्याऽभून्, मुरारिरिति कथ्यताम् ॥१

॥ मार्कण्डेय उवाच ॥

मुर-नामा बभूवैको, दानवोऽसुर-राट् बली ।
योऽसौ रजः-सत्त्व-मयो, गुणवांश्च तपो-मयः ॥२

निर्गुणः सर्वगो व्यापी, मुरारिर्मधु - सूदनः ।
देवी-सहायस्तं विष्णुः, पुरा निहत - वान् प्रभुः ॥३

॥ मैत्रेय उवाच ॥

योऽसौ मुर इति ख्यातः, कस्य पुत्रः स गीयते ?
कथं च निहतः संख्ये, विष्णुना तद् वदस्व मे ॥४

॥ मार्कण्डेय उवाच ॥

श्रूयतां कथयिष्यामि, मुरासुर - निबर्हणम् ।
विचित्रमिदमाख्यानं, पुण्यदं पाप-नाशनम् ॥५

कश्यपस्यौरसः पुत्रो, मुरो नाम स दानवः ।
मृत्योर्भयमपाकर्तुं, तपस्तेपे सु - दारुणम् ॥६

आराधयामास विभुं, ब्रह्माणमपराजितम् ।
ततोऽस्य तुष्टो वरदः प्राह 'वत्स ! वरं वृणु' ॥७

स च वव्रे वरं दैत्यो, लोक-नाथाद् भयङ्करम् ।
'यं यं स्पृशेयं हस्तेन, मृतो जायेत सोऽचिरात् ।'
'बाढ'मित्येव भगवानूचे लोक - पितामहः ॥८

ततोऽभ्यागान् महा-तेजा, मुरः सुर-गिरिं बली ।
समेत्य ह्वयते देवं, यक्षं किन्नरमेव च ॥९

न कश्चिद् युध्यते तेन, समं दैत्येन भो द्विज !
ततोऽमरावतीं दर्पात्, स गत्वा शक्रमाह्वयत् ।
प्रविशन्तं न तं कश्चिन्, निवारयितुमुत्सहेत् ॥१०

स गत्वा शक्र-सदनं, प्रोवाचेदं मुरस्तदा।
'देहि युद्धं सहस्राक्ष ! नो चेत् स्वर्गं परित्यज' ॥११
इत्येवमुक्तो दैत्येन, ब्रह्मन् ! हरि - हयस्तदा,
'नानेन सह योद्धव्यं', मतिं चक्रे पुरन्दरः।
स्वर्ग - राज्यं परित्यज्य, भूचरः समजायत ॥१२
ततो गजेन्द्र-कुलिशौ, नीतौ शक्रस्य शत्रुणा।
सकलत्रो महा - तेजाः, सह देवैः पुरन्दरः ॥१३
कालिन्द्या दक्षिणे कूले निवेश्य स पुरे स्थितः।
मुरस्त्वपि महा-भोगान्, बुभुजे स्वर्ग-संस्थितः ॥१४
दानवस्त्वपरे रौद्रा, मय-तार - पुरोगमा।
पुरमासाद्य मोदन्ते, स्वर्गे सु-कृतिनो यथा ॥१५
स कदाचिन्मही-पृष्ठं, समायातो महाऽसुरः।
एकाकी कुञ्जरारूढः, सरयूं निम्नगां प्रति ॥१६
स सरय्वास्तटे वीरं, राजानं सूर्य - वंशजम्।
ददर्श रघु - नामानं, दीक्षितं यज्ञ - कर्मणि ॥१७
तमागम्याब्रवीद् दैत्यो, 'युद्धं मे दीयता'मिति।
'नो चेन्निवर्त्ततां यज्ञो, न याज्या देवतास्त्वया' ॥१८
तमुवाच महा - तेजा, मित्रावरुण - सम्भवः।
महर्षिर्बुद्धिमान् ब्रह्मन् ! वसिष्ठस्तपसां वरः ॥१९
'किं तर्जितैर्नरैर्दैत्यान्, दुर्वृत्ताननुशासय।
न हन्तुमिच्छसि यदि तान्, निगृहाण त्वमन्तकम् ॥२०
स बली शासनं ते नो, स्वीकरोति समन्ततः।
तस्मिन् जिते हि विजितं, सर्वं मन्यस्व भूतले' ॥२१
तद् वसिष्ठस्य वचनं, निशम्य दनु - पुङ्गवः।
जगाम धर्म - राजानं, विजेतुं दण्ड - पाणिनम् ॥२२
तमायान्तं यमः श्रुत्वा, गत्वा योज्य च संयुगम्।
समारुह्याथ महिषं केशवान्तिकमागतः ॥२३
स तं चैवाभि-वन्द्यैनं, प्रोवाच मुर-चेष्टितम्।
तमाह 'गच्छ, मत् पार्श्वे, प्रेषयस्व महाऽसुरम्' ॥२४
स वै देवस्य वचनं, श्रुत्वाऽभ्यागात् त्वरान्वितः।
एतस्मिन्नन्तरे दैत्यः, सम्प्राप्तो नगरीं मुरः ॥२५

तमागतं यमः प्राह 'किं मुर ! कर्त्तुमिच्छसि' ?
वदस्व मनसाऽभीष्टं त्वदीयं दानवेश्वर !' ।।२६

।। मुररुवाच ।।

'यम ! प्रजा-संयमनं, न त्वं कर्तुमिहार्हसि ।
नो चेत् तवाद्य वै छित्वा, मूर्धानं पातये भुवि' ।।२७

तमाह धर्मराड् वाक्यं, 'कथं मां संयमेद् भवान् ।
नियोजितोऽहं केनापि, स्वेच्छया न करोमि तत्' ।।२८

मुरस्तमाह 'भवतः, कः संयन्ता वदस्व माम् ।
अहमेनं परित्यज्य, निर्वर्तिष्ये न संशयः' ।।२९

यमस्तं प्राह, 'मां विष्णुर्देवश्चक्र - गदा - धरः ।
श्वेत-द्वीपे निवासी यः, स मां संयमतेऽव्ययः' ।।३०

तमाह मुनि-शार्दूल ! 'क्वासौ वसति दुर्जयः ?
स्वयं तत्र गमिष्यामि, तस्यावासं वदस्व माम्' ।।३१

तमुवाच यमो, 'गच्छ, क्षीरोदं नाम सागरम् ।
यत्रास्ते भगवान् विष्णुर्देव-नाथस्तपो-मयः' ।।३२

मुरस्तद् वाक्यमाकर्ण्य प्राह 'गच्छामि केशवम् ।
किन्तु त्वया न तावद्धि, संयम्याः पापिनो जनाः' ।३३

स प्राह, 'गच्छ त्वं तावत्, प्रवर्तस्व जयं प्रति ।
सम्पन्न-वाग् यथा स्यास्त्वं, वेदितव्यो जनोऽप्ययम्' ।।३४

'ओमि'त्युक्त्वा तु वचनं, दुग्धाब्धिमगमन् मुरः ।
यत्रास्ते शेष - पर्यङ्के, चतुर्मूर्तिर्जनार्दनः ।।३५

'युद्धं मे देहि लक्ष्मीश ! कण्डूयेते भुजौ मम ।
सदृशं नैव पश्यामि, योत्स्ये येन समं युधि' ।।३६

श्रुत्वैतद् दम्भ-संदृब्धं, वचनं दैत्यस्य केशवः !
उवाच, 'नैव ते मृत्योः कालः सम्प्रति वर्तते ।।३७

द्वापरे तु युगे प्राप्ते, कृष्ण - रूपेण दैत्य-राट् !
दुष्कृतां सन्निपाताय, सम्भविष्याम्यहं भुवि ।।३८

प्राग्ज्योतिष-पुराधीशं, भौमाख्यं तु महाऽसुरम्,
तदाऽहं निहनिष्यामि, बहु - कन्याऽपहारिणम् ।
गो - विप्र - धेनु - द्वेष्टारमृषीणामार्त्तिदं खलम् ।।३९

सत्वरं याहि भू-लोकं, कुर्वन् राज्यमकण्टकम् ।
कालमेव प्रतीक्षस्व, संग्राम - रस - सिद्धये ॥४०
यस्मिन् देशे तु यत्-काले, मृत्युर्वै प्राणिनां स्थिरः ।
तस्मिन्नेव तमाप्नोति, मानवो दानवः पशुः' ॥४१

बहु - कालं व्यतीत्याथ, दानवो मुनि - पुङ्गव !
भौमासुरस्य सेवायां, सैनापत्यं चकार ह ॥४२
प्राग्ज्योतिष-पुरं रम्यं, ररक्ष परितो बली,
दशभिः पुत्रकैः सार्द्धं, साकं पञ्च - जनेन च ।
शुम्भान्धकौ तथा वीरौ, साहाय्यं तस्य चक्रतुः ॥४३
देवी भगवती विष्णोः, महा - माया सनातनी ।
नन्द-गोप-गृहे जाता, कृष्णस्य भगिनी शुभा ॥४४
भगवच्छक्ति-स्वरूपा, सा त्रिगुणा प्रकृतिः परा ।
एकानंशेति विख्याता, भुवन - त्रय - मोहिनी ॥४५

तया युक्तोऽवतीर्णोऽथ, द्वापरे पालकः प्रभुः ।
देवी-सहायो भूतात्मा, सर्व - लोक - नमस्कृतः ॥४६
कृष्णावतारे देवेन, विष्णुना सोऽति-गर्व-वान् ।
अनायासं हतः पुत्रैः, साकं युद्धे सु-दारुणे ॥४७

हय-ग्रीवोऽन्धकश्चैव, मुरः पञ्च - जनस्तथा,
शुम्भश्चैव महा - वीर्यश्चतुरङ्ग - बलान्वितः ।
एते चान्ये च दैत्या, हता कृष्णेन चाहवे ॥४८

तदा प्रभृति दैत्यारिः, मुरारिति विश्रुतः ।
ख्यातिं जगाम देवेशो, मुरं हत्वा परां प्रभुः ॥४९
एवं भगवती नित्या, विष्णोः शक्ति-स्वरूपिणी ।
स्वयं, विष्णु-सहाया वा, दैत्यान् संहरते द्विज ! ॥५०

सैवाऽस्ति हेतुः परमः प्रधानः,
बन्धस्य मोक्षस्य च सर्व-जन्तोः ।
भक्त्या समाराध्य परेश्वरीं ताम्,
भुक्तिं च मुक्तिं च जना लभन्ते ॥५१

॥ इत्याद्ये चण्डी-पुराणे मुरादि-दैत्य-निबर्हणं नाम दशमोध्यायः ॥

●●●

एकादशोऽध्यायः

[अथ तीर्थ-माहात्म्यम्]

।। मैत्रेय उवाच ।।

सूर्यः कुतः समुत्पन्नः ? कुतश्चापि शशी मुने ?
पावकश्च कुतो जातः ? कस्माच्चापि जलं मुने ?
एतन्मे संशयं सर्वं, कथयस्व यथा - तथम् ।।१

।। मार्कण्डेय उवाच ।।

हरिर्नारायणो देवस्त्वादि - देवो जनार्दनः,
तस्यापि चक्षुषो ब्रह्मन् ! दक्षिणाच्चांशुमानभूत् ।
वामतस्तु शशी जातस्तेजसोऽग्निरभूद् द्विज ! ।।२

तस्यापि च हरेर्लाला, जलं लोके प्रतिष्ठितम्,
श्वसनं चानिलं विद्धि, हरेर्द्विज - वरोत्तम !
एतत् ते कथितं ब्रह्मन्! यत् पृष्टोऽस्मि त्वयानघ !।३

।। मैत्रेय उवाच ।।

तीर्थानां चापि माहात्म्यं, कथयस्व महा - मुने !
एतद् वै चरितं श्रुत्वा, मुच्यते सर्व - पातकैः ।।४

।। मार्कण्डेय उवाच ।।

गङ्गां स्नात्वा नरः कश्चित्, सर्व-धर्म-विवर्जितः ।
पुण्यवान् स नरो जातो, मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ।।५

गङ्गा गङ्गेति यो नित्यं, ब्रूयादज्ञानतो मुने !
सप्त-जन्म-कृतात् पापान्मुच्यते नात्र संशयः ।।६

गङ्गायां च सदा स्नानं, दानं दद्याद् विचक्षणः ।
देवतानां पितृणां च, तर्पणं कुरुते नरः ।।७

गङ्गायां च द्विज-श्रेष्ठ ! कृत्वा श्राद्धं विधानतः ।
दद्याद् धनं यथा-शक्ति, ब्राह्मणाय समाहितः ।।८

असो - वरुणयोर्मध्ये, क्षेत्रं वाराणसी मुने !
त्यजेद् देहं तु यः कश्चित्, साक्षान्नारायणो भवेत् ।।९

प्रयागे वपनं कार्यं, तीर्थ - राजे च कामदे ।
तत्र देह-परित्यागाल्लभते वाञ्छितं फलम् ।।१०
नैमिषे निमिषा - क्षेत्रे, तत्र स्नानं विधीयते ।
कोटि-जन्म - कृतं पापं, मज्जनादेव नश्यति ।।११
चक्र-तीर्थे द्विज - श्रेष्ठ ! दानं दद्याद् विचक्षणः ।
स्नानं कृत्वा यथा-न्यायं, मुच्यते सर्व-पातकैः ।।१२
कुरु-क्षेत्रे द्विज - श्रेष्ठ ! दानं दद्याद् विचक्षणः ।
स्नानं कृत्वा यथा-न्यायं, भोजयेद् ब्राह्मणान् बहून् ।।१३
पुष्करे च सदा स्नानं, गां च दद्याद् द्विजातये ।
सप्त - जन्म - कृतात् पापान्मुच्यते नात्र संशयः ।।१४
पृथूदके नरो नित्यं, स्नात्वा चैव विचक्षणः ।
ब्रह्म - हत्यादिकं पापं, दर्शनादेव नश्यति ।।१५
कपाल - मोचने चैव, स्नात्वा नर - वरो भुवि !
सर्व-पाप - विनिर्मुक्तो, दिव्य-लोकं स गच्छति ।।१६
प्रभासे च सदा स्नानं, कृत्वा मुनि-वरोत्तम !
सप्त - जन्म - कृतात् पापान्मुच्यते नात्र संशयः ।।१७
हरि - द्वारादि - तीर्थानि, विदर्भादीनि वै मुने !
आश्रमादीनि पुण्यानि, क्षेत्राण्यायतनानि च ।।१८
द्रष्टव्यानि च सर्वाणि, स्प्रष्टव्यानि समाहितम् ।
सर्व - पापानि नश्यन्ति, दर्शनात् स्पर्शनान्मुने ! ।।१९
सेवितव्यानि तीर्थानि, भुक्ति-मुक्ति-प्रदानि च ।
सर्वाभिलाष - दायीनि, सत्यमेतद् वदाम्यहम् ।।२०

।। इत्याद्ये चण्डी-पुराणे तीर्थ-माहात्म्यं नाम एकादशोऽध्यायः ।।

समाप्तं चेदं श्रीचण्डी-पुराणम्



देवि, प्रपन्नार्ति-हरे ! प्रसीद
प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य
प्रसीद विश्वेश्वरि ! पाहि विश्वं
त्वमीश्वरी देवि ! चराचरस्य

हिन्दी

श्रीचण्डी-पुराण

पहला अध्याय

[नारद को शाप]

मुनियों में श्रेष्ठ कौशारव ने तपोनिधि मुनि-श्रेष्ठ मार्कण्डेय से, जिन्होंने तप द्वारा पाप को नष्ट कर डाला था, पूछा—

'हे श्रेष्ठ मुनि ! चण्डिका नामक पुराण कैसा है ? वह महा-पापों का नाश करनेवाला है, उस सबको मैं सुनना चाहता हूँ ।। १-२

'चण्डी कौन हैं ? वह शङ्कर कौन हैं ? प्राचीन काल में ब्रह्मा कैसे हुये ? हे ब्रह्मन् ! कल्याणी सती दक्ष की पुत्री कैसे हुईं ? ।।३

'दक्ष नाम से कौन प्रसिद्ध है ? कौन सूर्य है, कौन शुभ शशि है ? अग्नि कैसे उत्पन्न हुआ है ? जल क्या है ? अथवा वायु कौन है ? इस मेरे सन्देह को, हे ब्रह्मन् ! ठीक-ठीक दूर करिये ।।४

'और तीर्थों की तथा मन्त्रों की भी महिमा, हे विप्रर्षे ! मेरे आगे कहिये' ।।५

मार्कण्डेय बोले—हे मुनि-श्रेष्ठ ! चण्डिका नामक पुराण को सुनिए, जिसे सुनकर सब पापों से छूट जाता है, इसमें सन्देह नहीं ।।६

हे द्विज-श्रेष्ठ ! धर्म से युक्त पुराण को कहता हूँ, जो सब सन्देहों का दूर करनेवाला चण्डिका का आश्रय पुराण है ।।७

शेषनाग पर लेटे हुए विश्वात्मा भगवान् विष्णुदेव विश्व को जल-मय और स्थावर-जङ्गम को नष्ट हुआ देखकर—

और सभी लोकों का नाश देखकर चिन्ता से व्याकुल-इन्द्रिय होकर 'मैं अकेला हूँ' इस चिन्ता से युक्त रहते हुए प्रलय - सागर में स्थित थे ।।८-९

वहाँ हे महा-मुनि ! चिन्ता-रूपी चण्डिका ही दूसरी थीं। वह पुरातनी और सदा रहनेवाली जानी जाती हैं। उन्हीं से बुद्धिमान् चण्डी को जान पाते हैं ॥१०

ॐकार-रूपवाली वह सदा रहनेवाली हैं और तीनों लोकों का विनाश करनेवाली हैं। चिन्ता-रूप को छोड़कर चण्डिका चण्डी मानी जाती हैं। वही आद्या-शक्ति नाम से प्रसिद्ध होकर लोकों की भावना करनेवाली इच्छा देवी हैं ॥११

देव-देव जनार्दन भी इच्छा से युक्त होते हैं कि 'मैं प्रजा की सृष्टि करूँगा, जिससे मैं एक होता हुआ भी बहुत हो जाऊँ' ॥१२

लोकों की रचना करनेवाले, जगत् के स्वामी विष्णु, जो स्वयं रक्षक हैं, पूर्व-काल में विश्व की भावना करते हुये उन्होंने एक स्वर्ण-मय अण्ड की रचना की ॥१३

उसके मध्य में उन्होंने प्राणियों की रचना करनेवाले ब्रह्मा की स्थापना की। उनके क्रोध से लोकों का नाश करनेवाले रुद्र उत्पन्न हुए ॥१४

प्राणियों की रचना करनेवाले उन ब्रह्मा को पद्मासन पर बैठे हुए देखकर हे मुनि ! क्रोध से भरे हुए रुद्र ने यह बात कही—

'आप यहाँ कौन आए हैं, ठीक-ठीक कहिए।'

रुद्र की बात को सुनकर लोकों के पितामह ब्रह्मा ने भी यह बात कही कि 'आप कौन यहाँ आए हैं ?' ॥१५-१६

हर ने यह बात कही कि 'मैं यहाँ पहले से था।' ब्रह्मा ने कहा कि 'नहीं, मेरे द्वारा तुम 'अर्भक' (क्षुद्र या मूर्ख) उत्पन्न हुए हो' ॥१७

'मैं इस लोक में पहले आया, मैं इस लोक में पहले आया', इस प्रकार कहते हुए उन दोनों में सब लोकों को भय देनेवाला भयङ्कर युद्ध छिड़ गया ॥१८

क्रोध से भरकर रुद्र ने, हे द्विज-श्रेष्ठ ! उन्हें (ब्रह्मा को) शूल से नाभि में, उदर में और वक्ष-स्थल में मारा ॥१९

शूल की चोट से, हे महा-मुने ! तीन धारायें निकलीं। एक पाताल को जानेवाली धारा सबके मुख में रहनेवाली हुई ॥२०

दूसरी आकाश में स्थित हुई। हे मुनि-श्रेष्ठ ! वह शुभा—कल्याणकारिणी है। तीसरी जो निकली, वह रुद्र के हाथ में स्थित हुई ॥२१

और रुद्र के हाथ में गई हुई वह धारा, हे मुने ! ब्रह्म-हत्या कहलाई। कपाल-रूप धारण कर वह शङ्कर के हाथ में स्थित हुई ॥२२

हे द्विज-श्रेष्ठ ! वह रक्त, मज्जा, वसा, मांस को छोड़ती रहती है। तब से वे रुद्र कपालित्व को प्राप्त हुए ॥२३

मैत्रेय बोले—हे मुनि-श्रेष्ठ ! किस प्रकार दक्ष उत्पन्न होकर भी प्रजापति हुए ? जैसा तथ्य हो, कहिए। मुझे बहुत बड़ा सन्देह है ॥२४

मार्कण्डेय ने कहा— स्वायम्भुव नामक नृप-श्रेष्ठ मनु हुये। उनके पुत्र उत्तानपाद और उनके पुत्र महान् ध्रुव हुये ॥२५

ध्रुव से धर और धर से प्राचीन-बर्हि राजा हुए। प्राचीन-बर्हि के दश बुद्धिमान् पुत्र हुये ॥२६

हे ब्रह्मन् ! वेदज्ञ और समान रूप से कर्मठ वे सब समुद्र के पवित्र जल में तपस्या करने के लिये गये ॥२७

जल से तेज-युक्त वे तपस्वी निकले और सारी पृथ्वी को वृक्षादि से परिपूर्ण देखा ॥२८

मुखों से पवन को छोड़कर, आँख से अग्नि की रचना करते हुये वे महा-बली सभी वृक्षों को भस्म करने लगे ॥२९

जलते हुये उन वृक्षों ने, हे द्विजोत्तम ! एक सुन्दरी कन्या को लाकर उनसे कहा कि 'मारिषा' नाम से प्रसिद्ध इस सुन्दरी को पत्नी-रूप में ग्रहण करिये ॥३०

हे ब्रह्मन् ! वृक्षों के कहने से उसे राज-कुमारों ने ग्रहण किया और उससे 'दक्ष' को उत्पन्न किया, जो आदि प्रजा-पति हुये ॥३१

दश-तेजों से उत्पन्न दक्ष परम धार्मिक थे। उन दक्ष ने बहुत से मानस पुत्रों को उत्पन्न किया ॥३२

नारद के द्वारा ठगे जाकर वे सब दस दिशाओं में चले गए। तब सृष्टि करने की इचछावाले धर्मात्मा शत्रुञ्जयी दक्ष ने दस हजार

मानस पुत्रों को पुनः उत्पन्न किया। पृथ्वी को एकान्त करने के लिये नारद फिर आये ॥३३-३४

नारद के द्वारा यह कहने पर कि 'तुम लोग क्या कर रहे हो ?' उन्होंने उन मुनि से कहा कि 'प्रजाओं को उत्पन्न करेंगे' ॥३५

मुनि-श्रेष्ठ नारद ने हँसकर यह बात कही कि 'प्रजा के लिये तुम्हारे भाई दश दिशाओं में गये हैं' ॥३६

नारद की बात सुनकर वे भाइयों की खोज में चले गये और समुद्र में गिरे के समान नहीं लौटे ॥३७

दक्ष के वे महा-बली पुत्र भी नारद के द्वारा नष्ट हो गये। तब उन्हें नष्ट हुआ सुनकर प्राचेतस दक्ष ने, हे मुने !—

क्रोधित होकर नारद को शाप दिया कि इस लोक में सदा घूमते हुये तुम्हारी स्थिति कलह के बिना न होगी ॥३८-३९



दूसरा अध्याय

[सती का देह-त्याग]

मार्कण्डेय बोले—तब पुत्रों को नष्ट हुआ देखकर इस चिन्ता से कि 'प्रजाओं की सृष्टि कैसे करूँ ?' परम धार्मिक दक्ष व्याकुल हो उठे ।। १

दीन-दुखियों को शरण देनेवाले प्रभु—आदि-देव, सनातन नारायण देव का ध्यान कर वे निम्न स्तुति से उन्हें प्रसन्न करने लगे—।।२

'नमो भगवते तुभ्यं ज्ञान-मुद्राय वेधसे ।
लोक-नाथाय नाथाय देव-देवाय धारिणे ।
नारायणायानन्ताय पद्म-नाभाय कारिणे ।।

भूतेशाय च भूताय ज्ञान-विज्ञान-साक्षिणे ।
अरूपानेक-रूपाय निर्गुणाय गुणाय च' ।।

'हे भगवन् ! आपको नमस्कार है । आप ज्ञान-स्वरूप हैं, आप ही स्रष्टा हैं । लोकों के आप स्वामी हैं, देवों के भी देव हैं और सबको धारण करनेवाले हैं । आप अनन्त नारायण को नमस्कार है । आप कमल-नाभि हैं, आप ही सब कुछ करनेवाले हैं । सभी प्राणियों के आप स्वामी हैं, समस्त तत्त्व-स्वरूप हैं और ज्ञान-विज्ञान के साक्षी हैं । आप निराकार हैं, साथ ही बहुत से आकारवाले भी हैं; गुण-हीन हैं तथा गुणों से युक्त भी हैं । आपको नमस्कार है' ।।३-४

अतुल तेजवाले उन दक्ष द्वारा इस प्रकार स्तुति किये जाने पर सभी प्राणियों की भावना करनेवाले भगवान् ने कहा कि 'हे प्रजा-पते ! आज घर जाओ । मैं तुम्हारा उद्देश्य पूर्ण करूँगा' ।।५

विश्व के आत्म-स्वरूप, देवों के देव भगवान् जनार्दन ने भी लोकों की जननी परमा देवी चण्डिका को निम्न स्तुति द्वारा स्मरण किया—।।६

'नमो देव्यै च नाथायै कल्याण्यै ते नमो नमः ।
नमो जगत्-प्रतिष्ठायै मात्रे तुभ्यं नमो नमः ।।
नमो लक्ष्म्यै च धात्र्यै च शर्वाण्यै ते नमो नमः ।
नमो देव्यै च सिद्ध्यै च ऋद्ध्यै देव्यै नमो नमः ।।
उप-श्रुत्यै च दिव्यै च मुक्तिदायै नमो नमः ।
भुक्तिदायै नमस्तेऽस्तु चायुर्दायै नमो नमः ।
सरस्वत्यै नमस्तुभ्यं नमस्ते जगदम्बिके ! ।।
माता त्वमेवाथ स्वसा त्वमेव,
भार्या त्वमेवं हि सुता त्वमेव ।
त्वमेव नाथा च हिता प्रभाविणी,
त्वमेव नारी पुरुषस्त्वमेव' ।।

'देवी को नमस्कार। आप स्वामिनी हैं, कल्याणी हैं, आपको बारम्बार नमस्कार। जगत् की प्रतिष्ठा को नमस्कार। आप माता हैं, आपको बारम्बार नमस्कार ।।७

'लक्ष्मी को नमस्कार। आप धात्री और शर्वाणी हैं, आपको बारम्बार नमस्कार। देवी को नमस्कार। आप सिद्धि हैं, आप ऋद्धि हैं, आपको बारम्बार नमस्कार ।।८

'आप उप-श्रुति हैं, दिव्या हैं और मुक्तिदा हैं, आपको बारम्बार नमस्कार। भुक्तिदा को नमस्कार। आप आयु-दायिनी हैं, आपको बारम्बार नमस्कार। सरस्वती को नमस्कार। आप जगदम्बिका हैं, आपको नमस्कार ।।९

'आप ही माता हैं और आप ही बहन हैं। पत्नी आप ही हैं और आप ही पुत्री हैं। आप ही स्वामिनी हैं और प्रभाववाली हित-कारिणी हैं। आप ही स्त्री हैं और पुरुष भी आप ही हैं' ।।१०

इस प्रकार उन जनार्दन द्वारा स्तुति किये जाने पर देवी स्वभाव-वश बोलीं—'हे जनार्दन ! मैं प्रजापति की पुत्री बनूँगी और सती नाम से प्रसिद्ध होऊँगी' ।।११

हे द्विज-श्रेष्ठ ! बाएँ अँगूठे से वे देवी दक्ष की सुन्दर रूपवाली युवा पत्नी शत-रूपा बनीं ।।१२

उनसे दक्ष ने सुन्दर साठ कन्याओं को उत्पन्न किया । उनमें जो ज्येष्ठा कन्या थी, वह 'सती' कहलाई ।।१३

उस रूप-सम्पन्ना कन्या को दक्ष ने शङ्कर को प्रदान किया । उन्होंने दस कन्याएँ धर्म-देव को और तेरह कन्यायें कश्यप को प्रदान कीं ।।१४

सत्ताइस कन्याएँ चन्द्र-देव को, दो अरिष्टनेमि को और हे द्विज-श्रेष्ठ ! पाँच कन्याएँ दक्ष ने अत्रि को प्रदान कीं ।।१५

हे मुनि-श्रेष्ठ ! फिर उन्होंने दो कन्याएँ हरि को प्रदान कीं । इस प्रकार धर्मात्मा दक्ष प्रजापति ने कन्याओं का वितरण किया ।।१६

हे ऋषि विप्र ! तब सब प्राणियों के कल्याण में तत्पर दक्ष ने पत्नी-सहित शङ्कर को छोड़कर सभी पुत्रियों और जामाताओं को आमन्त्रित कर यज्ञ किया । हे मुनि-श्रेष्ठ ! उस समय चारों ओर यही सुनाई पड़ने लगा कि 'दीजिये, दीजिए' और 'खाइए, खाइए' । उस यज्ञ में, हे द्विज-श्रेष्ठ ! पिता के वचन सुनकर सती ने पति से कहा—।।१७-१८

सती बोलीं—'हे देवेश ! मैं पिता के घर जाऊँगी, आप आज्ञा दीजिये । मैं यज्ञ देखूँगी और बहनों को देखूँगी' ।।१९

शङ्कर ने कहा—'हे भद्रे ! ऐसी इच्छा करो, जिससे तुम्हारा अहित न हो' ।।२०

तेजस्वी शङ्कर द्वारा इस प्रकार मना किये जाने पर भी देवी ने प्रणाम कर पुनः अपनी बात कही ।।२१

सती बोलीं—'मैं पिता के घर जाऊँगी, चाहे अच्छा हो या बुरा । गङ्गा सभी तीर्थों से युक्त हैं और हरि सभी देवों से । जैसे तीर्थों में गङ्गा सारे लोकों की माता हैं और देवों में जैसे विष्णु हैं, उसी प्रकार संसार में पिता ही प्रभु हैं । जैसा होना है, होगा । आप मुझे आज्ञा दें' ।।२२-२३

फिर उन भगवान् शम्भु की आज्ञा से गणों के साथ वे पिता के घर आईं ।।२४

देवों और दानवों से युक्त यज्ञ-प्राङ्गण को उन देवी सती ने देखा और अत्यन्त दुखी होकर सोचने लगीं—।।२५

'सभी देवता तथा बहनें और दामाद आमन्त्रित किये गए हैं, केवल समस्त देवताओं से वन्दित शङ्कर ही नहीं बुलाए गये हैं' ।।२६

यज्ञ-गृह में प्रवेश कर और अग्नि को देखकर, हे ब्रह्मन् ! कोपाविष्ट होकर वे अग्नि में कूद पड़ीं ।।२७

वे मनस्विनी पति का ध्यान करती हुईं क्षण भर में ही भस्म हो गईं। उन्हें भस्म हुआ देखकर गण लोग क्रुद्ध हो उठे ।।२८



तीसरा अध्याय

[दक्ष का चरित]

मार्कण्डेय बोले—गण लोग वहाँ आए, जहाँ भगवान् महेश्वर थे और उन्हें वह सब हाल बताया, जिस प्रकार देवी दिवङ्गता हुई थीं ।।१

उन देवी को दिवङ्गता सुनकर रुद्र क्रोधित हो उठे। शिर से एक जटा उखाड़कर उन्होंने रोष-पूर्वक भूमि पर पटक दी ।।२

हे ब्रह्मन् ! उससे तीन नेत्रवाला, हाथ में त्रिशूल लिए एक पुरुष उत्पन्न हो गया और वह बोला कि 'हे प्रभो ! शीघ्र आज्ञा करें कि मैं यहाँ क्या करूँ ?' ।।३

ईश्वर ने कहा—'हे महा-बाहो, वीर-भद्र ! मेरे श्रेष्ठ कथन को सुनो। शक्तिमान् दक्ष को मार डालो और यज्ञ का भी नाश कर दो' ।।४

ईश्वर की बात सुनकर गणों के साथ महा-बली वीर-भद्र यज्ञ-प्राङ्गण में जा पहुँचे। देवों तथा दैत्यों के समूह से युक्त प्रजाओं के स्वामी प्रजापति को देखकर क्रोध से लाल आँखोंवाले, महा-तेजस्वी वीर-भद्र ने तुरन्त ही खड्ग द्वारा दक्ष का शिर काटकर उनके शरीर से अलग कर दिया और रोष-पूर्वक उसे अग्नि में फेंक दिया ।।५-७

पूषन् (द्वादश आदित्यों में से एक) देव के दाँतों को महा-बली वीर-भद्र ने उखाड़कर हे विप्रेन्द्र ! भग (दूसरे आदित्य) देव की आँखों को क्रोध से नष्ट कर डाला ।।८

इसके बाद ईश्वर को सब हाल बताने के लिये वीर-भद्र वहाँ से चल दिये। उन्होंने दुःख से व्याकुल मनवाले देवेश्वर को देखा ।।९

भूतनाथ शङ्कर को यथा-विधि प्रणाम कर उन्होंने वह सब कह सुनाया, जिस प्रकार दक्ष को मारा था ।।१०

हे द्विज-श्रेष्ठ ! दक्ष के मारे जाने पर दुःख से व्याकुल आँखों-वाले देवता लोग वहाँ आ पहुँचे और प्रणाम कर कहने लगे—।।११

।। देवा ऊचुः ।।

नमः शिवाय देवाय भूत-नाथाय वै नमः ।
नमो रुद्राय नाथाय देव-देवाय ते नमः ।।
नमः कालाय पालाय शङ्कराय नमो नमः ।
नमस्त्रिशूल - हस्ताय पशूनां पतये नमः ।।
दिग्-वाससे नमस्तुभ्यं नमस्ते गज-चर्मणे ।
ईश्वराय नमस्तेऽस्तु नमस्ते भग-नेत्र-हन् ।।
त्र्यम्बकाय नमस्तेऽस्तु वृद्धोक्षाय नमो नमः ।
नमः पिनाक-हस्ताय अग्नि-नेत्राय वै नमः ।
नमो हराय देवाय दक्ष-यज्ञ-विनाशिने ।
नमस्ते त्रिपुरघ्नाय नमो भूताधिपाय च ।।
नमो देवाधि-देवाय नमः कैलास-वासिने ।
नमो नाथाय क्रोधाय नमः सर्व-क्षयाय च ।।
भीमाय च नमस्तुभ्यं विरूपाक्षाय वै नमः ।
प्रसीद देव-देवेश ! प्रपन्नार्त्ति - हरो भव ।।

देव बोले—'भगवान् शिव को नमस्कार । भूतनाथ को नमस्कार । स्वामी रुद्र को नमस्कार । हे देवेश्वर ! आपको नमस्कार ।।१२

'काल को नमस्कार, पालन-कर्ता को नमस्कार । हे शङ्कर, आपको बारम्बार नमस्कार । त्रिशूल-पाणि को नमस्कार, पशुओं के स्वामी को नमस्कार ।।१३

'हे दिगम्बर ! आपको नमस्कार । हे गज-चर्म-धारी ! आपको नमस्कार । हे ईश्वर ! आपको नमस्कार । भगदेव के नेत्रों के नाशक ! आपको नमस्कार ।।१४

'हे त्र्यम्बक ! आपको नमस्कार । हे वृद्धोक्ष (श्रेष्ठ बैलवाले) ! आपको बारम्बार नमस्कार । हे पिनाक-धनुष हाथ में लेनेवाले ! आपको नमस्कार । हे अग्नि-नेत्र ! आपको नमस्कार ।।१५

'दक्ष यज्ञ का विनाश करनेवाले हे भगवान् हर ! आपको नमस्कार। हे त्रिपुर-नाशक ! आपको नमस्कार। हे भूताधिपति ! आपको नमस्कार ।।१६

'हे देवों के देव !आपको नमस्कार। हे कैलास-वासी ! आपको नमस्कार। हे नाथ ! आपको नमस्कार। हे सबके नाशक क्रोध-स्वरूप ! आपको नमस्कार ।। १७

हे भीम (भयानक) ! आपको नमस्कार। हे विरूपाक्ष (भयङ्कर नेत्रोंवाले) ! आपको नमस्कार। हे देव-देवेश्वर ! प्रसन्न हों। शरणागत के दुःख को दूर करनेवाले बनें' ।।१८

देवताओं की इन बातों को सुनकर, हे मुनि-श्रेष्ठ ! महादेव ने क्रोध त्यागकर उनसे कहा—'हे देव-गण ! मैं तुम लोगों का क्या प्रिय कार्य करूँ ! मैं उसे करूँगा, यह सत्य है, इसमें सन्देह नहीं' ।।१९

देव-गण बोले—'हे महा-देव ! प्रजा-पति दक्ष का नाश हो जाने से विश्व कैसे चलेगा ? अतः ऐसा करें, जिससे दक्ष जीवित हो जायँ' ।।२०

महा-बुद्धिमान् महा-देव देवताओं के साथ यज्ञ-प्राङ्गण में आए और हे द्विज-श्रेष्ठ ! दक्ष के गिरे हुये शरीर को देखा किन्तु उनके शिर को कहीं न देखकर महा-मना महा-देव ने एक छाग के शिर को काट कर उनके शरीर में लगा दिया, जससे हे मुने ! दक्ष उठकर खड़े हो गये ।।२१-२३

हे ब्रह्मर्षे ! चिन्ता से व्याकुल नेत्रोंवाले महा-देव हर भी निरन्तर 'हा सती ! हा सती' कहते हुये अहर्निश चिन्ता करने लगे ।।२४

सती के विरह से उत्पन्न दुःख से, हे ब्रह्मन् ! शोक-सागर में डूबे हुये शङ्कर मोहाविष्ट होकर ब्रह्म-हत्या से युक्त अन्तर्हिता श्रेष्ठ नदी में निमग्न हो गए ।।२५

हे द्विज-श्रेष्ठ ! तब अपने में निमग्न शङ्कर को देखकर वह अन्तर्हिता नदी निरन्तर शोक से पीड़ित रहने लगी ।।२६

दक्ष के चरित को जो मनुष्य निरन्तर सुना करते हैं, वे सभी पापों से छूटकर श्रेष्ठ गति को प्राप्त करते हैं ।।२७

हे ब्रह्मन् ! यह परम विलक्षण चरित मैंने कहा। इसके बाद हे द्विज-श्रेष्ठ ! मैं और क्या कहूँ ? ।।२८

• • •

चौथा अध्याय

[मधु और कैटभ का वध]

मैत्रेय ने कहा—काली फिर कैसे आविर्भूत हुईं और, हे ब्रह्मन् ! पर्वत-राज की वे कल्याण-कारिणी पुत्री जिस प्रकार उत्पन्न हुईं, वह हमें बताइए ।।१

उन देव-स्वरूपा को रुद्र ने किस प्रकार पत्नी-रूप में प्राप्त किया, यह मेरी जिज्ञासा है । हे तपस्वी ब्रह्मन् ! विस्तार से कहिए ।।२

उस पवित्र, पापों को हरनेवाली, कल्याणी कथा को कहिए, जो यहाँ सभी कामनाओं की, पुण्यों की, धन-सम्पत्ति की और मोक्ष की देनेवाली है ।।३

हिमालय के गृह में दैत्य-संहारिणी काली ने जन्म लेकर जिस प्रकार विशाल-काय, अति शक्ति-शाली, दुर्द्धर्ष दैत्य-राज महिषासुर को मार कर महा-बली शुम्भ-निशुम्भ और रक्त-वीज तथा भयानक धूम्र-लोचन के बाद और भी बली चण्ड-मुण्ड का संहार किया—यह सब, हे ब्रह्मन् ! निरन्तर मुझे सन्देह है । आप सब कुछ विस्तार-पूर्वक कहिए । हे तपस्वी महात्मन् ! मैं उसे सुनना चाहता हूँ ।।४-६

मार्कण्डेय बोले—मैं सभी पापों का नाश करनेवाली इस कथा को कहता हूँ, जो संसार में लोगों को पुण्य देती है, उनमें भक्ति उत्पन्न करती है, सभी कामनाओं को पूर्ण करती है और शत्रुओं का नाश करती है ।।७

हे द्विज-श्रेष्ठ ! रम्भ और करम्भ नामक दो महान् वीर दैत्य-राज हुए । उन दो महान् वीरों ने गङ्गा किनारे तपस्या की ।।८

महा-पराक्रमी करम्भ ने गङ्गा के बीच में डुबकी लगाई । इसी समय एक विशाल ग्राह (मगर) आ गया और हे द्विज ! दैत्य-राज को पकड़कर अपने घर ले जाकर उस महा-बली दैत्य-राज को वह घड़ियाल खा गया ।।९-१०

हे विप्रेन्द्र ! भाई के मरने पर महान् यशस्वी दैत्येन्द्र रम्भ खड्ग लेकर उसका शिर काटने को उद्यत हुआ ।।११

इसी बीच लोकों के पितामह ब्रह्मा जी ने उसे मना कर यह कहा कि 'हे सुव्रत ! वर माँगो' ।।१२

रम्भ ने कहा—हे देवेश ! यदि आप प्रसन्न हैं, तो मुझे महा-बली पुत्र दीजिए। आपकी कृपा से वह पुत्र त्रैलोक्य-विजयी होगा, इसमें सन्देह नहीं ।।१३

'ऐसा ही हो', कहकर ब्रह्मा जी ब्रह्म-लोक को चले गए। उसकी रानी ने तब तीन महा-बली पुत्रों को जन्म दिया ।।१४

ज्येष्ठ पुत्र का नाम 'महिष', उसके बाद के पुत्र का नाम 'घोर' और कनिष्ठ पुत्र का नाम 'नमर' हुआ। हे द्विज ! वह बड़ा तेजस्वी और सभी देवों को जीतनेवाला था ।।१५

हे ब्रह्मन् ! महा-बली और पराक्रमी महा-वीर कैटभ के मारे जाने पर पृथ्वो कष्टों से मुक्त हो गई ।।१६

मैत्रेय ने पूछा—मधु और कैटभ नामों से प्रसिद्ध महा-बली और अत्यन्त पराक्रमी दो दैत्य-राज कैसे मारे गए ? वे दोनों दुर्द्धर्ष दुर्जेय महा-वीर किसके पुत्र थे ? ।।१७

मार्कण्डेय बोले—हे ब्रह्मन् ! प्राचीन काल में प्रलय-काल में जनार्दन विष्णु योग-निद्रा में सोए हुए थे। उनके कानों की मैल से मधु और कैटभ नामक दो असुर उत्पन्न हुए ।।१८

विष्णु की नाभि से निकले हुए पद्म से उत्पन्न और प्राणियों के सृष्टि-कर्त्ता ब्रह्मा को देखकर वे दोनों महा-वीर क्रोधित होकर उन्हें मार डालने को उद्यत हुए ।।१९

लोकों के पितामह ब्रह्मा ने उन्हें इस प्रकार आक्रामक देखकर और यह समझकर कि वे दोनों बल में उनसे अधिक हैं, चिन्ता से व्याकुल नेत्रों से देखने लगे ।।२०

'मैं अकेला हूँ और मुझे मारने की इच्छावाले ये दोनों दुष्ट बलवान् हैं। बल में अधिक ये दोनों भयानक महा-वीर कैसे मारे जायँ ?' ।।२१

इसी समय अदृश्य वाणी बोली—'हे देव-देवेश ! आप आदि-देव जनार्दन की स्तुति करें' ।।२२

देवता द्वारा कही वाणी को सुनकर लोकों के पितामह भगवान् ब्रह्मा ने मन-ही-मन देव-देव जगन्नाथ का स्मरण किया ।।२३

ब्रह्मा जी ने कहा—

नमोऽनन्ताय देवाय केशवायादि-चक्रिणे ।
सर्वगायादि-देवाय भूतानां पतये नमः ।।
नमः कमल-नाभाय नमस्ते जल-शायिने ।
नमः कमल-नेत्राय नमः पङ्कज-मालिने ।।
नमः कृष्णाय रामाय हरये माधवाय च ।
नमो भगवते तुभ्यं यादवेन्द्राय वै नमः ।।
नमो गरुड-नाथाय नमस्ते शेष-शायिने ।
नमस्ते चक्र-हस्ताय वामनाय नमो नमः ।।

आदि-चक्र-धारी, अनन्त, देव, केशव को नमस्कार । सर्व-व्यापी आदि-देव, सभी प्राणियों के स्वामी को नमस्कार । जल में शयन करनेवाले पद्म-नाभ को नमस्कार । कमल-नेत्र और पद्म-माला-धारी को नमस्कार । राम, कृष्ण और माधव को नमस्कार । हे भगवन् ! आप यादवेन्द्र को नमस्कार । गरुड़-नाथ, शेष-शायी को नमस्कार । चक्रधारी को नमस्कार, वामन को बारम्बार नमस्कार ।।२४-२७

इस प्रकार जगत् के स्रष्टा ब्रह्मा के द्वारा स्तुति किए जाने पर जगदीश्वर बोले—'हे पद्म-सम्भव ब्रह्मा ! आप मत डरें । मैं इन दोनों श्रेष्ठ दानवों को मारूँगा ।' और शत्रु-नाशक भगवान् उन दोनों से युद्ध करने लगे ।। २८-२९

पाँच हजार वर्षों तक अति भयङ्कर युद्ध होता रहा । तब विश्वेश्वर आदि-देव विष्णु चिन्ता करने लगे ।।३०

'युद्ध में ये दोनों दुष्ट असुर मुझसे अधिक बलवान् हैं ।' इसी समय अदृश्य वाणी बोली—'हे जगन्नाथ ! आप देवी की स्तुति करें । निश्चय ही आपको सफलता मिलेगी' ।।३१

श्री भगवान् स्तुति करने लगे—

कमलाक्षि ! नमो देवि ! नमः पङ्कज-वासिनि !
नमः श्रियै सरस्वत्यै नमः कल्याण-दायिनि !
पराऽसि परमात्माऽसि देवि ! त्वं सर्व-मङ्गला ।
भूत-धात्री जगद्धात्री ध्वान्ता सर्वस्य भाविनी ।।
श्रीस्त्वमेव सदा लोके ह्रीस्त्वं वै सर्व-कारिणी ।
स्वाहा त्वं च सुधा त्वं च धृतिः कीर्तिस्तथा परा ।।
मोहिनी योग-निद्रा त्वं ज्योती-रूपा सनातनी ।
परा पराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ।।
सन्ध्या-रूपा च नित्या च रात्रि-रूपा विभाविनी ।
ॐकार-रूपाऽसि सदा निर्गुणा सगुणा शुभा ।।

हे कमल-नयने ! हे देवि, नमस्कार । हे कमल-वासिनि ! नमस्कार । श्री को नमस्कार, सरस्वती को नमस्कार, हे कल्याण-प्रदे ! नमस्कार । हे देवि ! आप परा हैं, परमात्मा हैं, आप सर्व-कल्याणी हैं । प्राणियों का पालन करनेवाली, संसार को धारण करनेवाली और सभी की भावना करनेवाली हैं । विश्व में आप ही सदा 'श्री' और 'ह्री' रूप से सभी कुछ सम्पन्न करनेवाली हैं । आप स्वाहा और सुधा हैं, धृति, कीर्ति और परा हैं । आप मोहिनी और योग-निद्रा हैं, ज्योति-रूपा सनातनी हैं । श्रेष्ठों में भी श्रेष्ठ आप ही श्रेष्ठतमा परमेश्वरी हैं । सन्ध्या-रूपा, नित्या, रात्रि-रूपा, विभाविनी और ॐकार-रूपा सदैव निर्गुणा तथा सगुणा हैं और कल्याणी हैं ।।३२-३६

देवेश्वर उन विष्णु द्वारा इस प्रकार स्तुति किए जाने पर वे सनातनी, नित्या, योग-निद्रा प्रकट हो गईं ।।३७

वे बोलीं—'मैं तुम्हारी सहायता करूँगी और इन प्रसिद्ध मधु और कैटभ दोनों असुरों को मोह में डाल दूँगी ।' तब अत्यधिक बल से उन्मत्त वे दोनों असुर जगन्माया द्वारा विमुग्ध हो गए ।।३८

मधु और कैटभ ने विष्णु से कहा—'हे महा-वीर ! हम दोनों तुम्हारे युद्ध से प्रसन्न हैं । तुम्हारे मन में जो इच्छा हो, उसके अनुसार

वर माँगो । तीनों लोकों में जो कुछ दुर्लभ है, उसे भी हम तुम्हें प्रदान करेंगे' ॥३९

श्री भगवान् बोले—'यदि तुम दोनों मुझ पर प्रसन्न हो, तो मेरे द्वारा तुम दोनों मारे जाओ, यही मेरा अभीष्ट है । इसके अतिरिक्त यहाँ अन्य किसी भी वर की आवश्यकता नहीं है' ॥४०

दोनों वीरों ने कहा—'तुम्हारे द्वारा मरना हम दोनों के लिए श्रेयस्कर है किन्तु हमें वहाँ मारो, जहाँ पृथ्वी जल में डूबी न हो' ॥४१

दोनों दैत्यों द्वारा इस प्रकार निर्दिष्ट किए जाने पर जनार्दन विष्णु ने उन दोनों के सिर अपने चक्र की तीक्ष्ण धार से काट डाले ॥४२

मार्कण्डेय बोले—वही चण्डिका पुनः प्राचीन काल में विष्णु द्वारा स्तुति किए जाने पर प्रकट हुईं और उन्होंने जिस प्रकार दैत्य महिष का बध किया, उसे तुम लोगों से कहता हूँ ॥४३



पाँचवाँ अध्याय

[घोर-बध में नदी का वर्णन]

मार्कण्डेय बोले—सभी महा-बलवान् पराक्रमी दैत्य-समूह महिष को अग्रणी बनाकर सशस्त्र होकर चल पड़े। यह सुनकर कि सारे दैत्य-समूह अस्त्र-शस्त्र लेकर आ पहुँचे हैं, परम तेजस्वी इन्द्र ने भी देवताओं को बुलाकर उनसे कहा—॥ १-२

इन्द्र ने कहा—'चन्द्र-सूर्य-प्रमुख सभी महा-पराक्रमी देव-नायक मेरी कल्याण-कारिणी बात को सुनें। देव-गण जब एकता-बद्ध रहेंगे, तभी वे दानवों को जीत पायेंगे' ॥ ३

इन्द्र की बात को मानकर सभी देवता अपने अस्त्र-शस्त्रों और वाहनों से सज्जित होकर आए तथा उन्हें अपना अग्रणी बनाकर युद्ध के लिए चल पड़े ॥ ४

तब सभी लोकों का विनाश करनेवाला भयङ्कर युद्ध पुनः हुआ और सभी देव-गणों को जीतकर श्रेष्ठ दैत्यों ने शोभा प्राप्त की ॥ ५

हारकर देवता लोग अपनी देह को छिपाकर मनुष्य-रूप बनाकर पृथ्वी पर छद्म-वेष में इधर-उधर घूमने लगे ॥ ६

बल-हीन और शस्त्र-रहित इन्द्रादि वे सभी श्रेष्ठ देवता दुःखी होकर ब्रह्मा की शरण में पहुँचे और महिष के अत्याचार का इस प्रकार वर्णन करने लगे—॥ ७

'हे ब्रह्मन्! महिष के द्वारा निकाले गए हम सभी मनुष्यों के समान पृथ्वी पर भटक रहे हैं। हम क्या करें और कहाँ जाएँ?' ॥ ८

देवताओं की बात सुनकर और उनकी बुरी दशा को देखकर कमल-जन्मा प्रजा-पति ब्रह्मा मन-ही-मन देवाधिदेव महेश्वर का ध्यान करने लगे ॥ ९

ब्रह्मा ने स्तुति की—

नमः शिवाय देवाय देव-देवाय ते नमः।
नमो घोराय भीमाय नमः कैलास-वासिने ॥

नमः पिङ्गल-नेत्राय नमस्ते विश्व-रूपिणे ।
नमो हराय कालाय भीम-रूपाय ते नमः ।।
त्रिपुरघ्नाय देवाय तारकघ्नाय वै नमः ।।

हे देवाधिदेव शिव ! आपको नमस्कार । कैलास-वासी घोर, भीम, देव को नमस्कार । पिङ्गल-नेत्र को नमस्कार, विश्व-रूपी को नमस्कार । हर और काल को नमस्कार । हे भीम-रूप ! आपको नमस्कार । त्रिपुरघ्न देव और तारकघ्न को नमस्कार ।।१०-११

विश्व के स्रष्टा उन ब्रह्मा के द्वारा इस प्रकार स्तुति किए जाने पर पृथ्वी-पति महा-देव शङ्कर ने यह बात कही—।।१२

'हे ब्रह्मन् ! देवताओं की रक्षा के लिए आप विष्णु की शरण में जायँ । वे भगवान् देवेश ही आपकी कामना को सम्पन्न करेंगे' ।।१३

इस बात को सुनकर ब्रह्मा अब विष्णु के पास गए और उन्होंने तीनों लोकों के स्वामियों के ईश्वर को तथा महान् क्षीर-सागर को देखा ।।१४

हे श्रेष्ठ द्विज ! अब ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र और सभी देवता चक्र-धारी विष्णुदेव की स्तुति करने लगे ।।१५

देवता बोले—

नमो भगवते तुभ्यं देव-देवाय चक्रिणे ।
हरये वासुदेवाय हृषीकेशाय शाश्वते ।।
माधवाय नमस्तुभ्यं जगन्नाथाय वै नमः ।
गोविन्दायादि-देवाय निर्गुणाय गुणाय च ।।
मधु-सूदनायानन्ताय निजाय परमात्मने ।
नमस्ते पद्म-नाभाय नमः सागर-शायिने ।।

हे देवाधिदेव चक्र-धारी शाश्वत भगवान् विष्णु, हरि, वासुदेव, हृषीकेश ! आपको नमस्कार । हे माधव ! आपको नमस्कार । हे जगन्नाथ ! आपको नमस्कार । हे आदि-देव, गोविन्द, निर्गुण और सगुण, मधु-सूदन, अनन्त, निज-स्वरूप, पद्म-नाभ, क्षीर-समुद्र-शायी, परमात्मा ! आपको नमस्कार ।।१६-१८

देवताओं के द्वारा इस प्रकार स्तुति किए जाने पर विश्व की भावना करनेवाले विश्वात्मा भगवान् हरि देवताओं के समक्ष प्रकट हो गए ॥१९

श्री भगवान् बोले—'तुम लोगों की स्तुति से मैं प्रसन्न हूँ। यहाँ आने का कारण क्या है ? हे देवताओं ! कहो, निस्सन्देह उसके अनुसार मैं कार्य करूँगा। लोकों और सभी जीवों के पालन-पोषण और दुष्टों के विनाश के कर्म मेरे ही अधीन हैं' ॥२०-२१

देवताओं ने कहा –'पृथ्वी पर महिषासुर नामक दैत्य उत्पन्न हुआ है। वह साधुओं को पीड़ित करता है, जिससे धार्मिक कर्म समाप्त हो गए हैं। युद्ध में उस दुष्ट द्वारा पराजित होकर हम दुःखी हैं और आपकी शरण में आए हैं। उसके वध का उपाय सोचें' ॥२२-२३

देवताओं की बात सुनकर और दैत्य के दुष्कर्मों को जानकर प्राणियों के कल्याण में सदा तत्पर रहनेवाले विष्णु उस असुर पर क्रुद्ध हो उठे ॥२४

विश्वात्मा विष्णु के क्रोध से कृष्ण-वर्णा एवं महा-शक्ति-पराक्रम-शालिनी प्रचण्ड कालिका आविर्भूत हुईं। वे ही सभी लोकों को जन्म देनेवाली, विश्व-पालिका और सृष्टि की भावना करनेवाली हैं ॥२५

सभी देवताओं ने उन ज्योतिर्मयी सनातनी देवी को देखकर हर्षित होकर उन्हें अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए ॥२६

देवेश्वर विष्णु ने उन्हें दैत्य-नाशक चक्र दिया और शङ्कर ने त्रिपुर-नाशक त्रिशूल उन्हें प्रदान किया ॥२७

पितामह ब्रह्मा ने उन्हें जलाघात करने के लिए कमण्डलु दिया और महा-बुद्धिमान् सहस्र-नेत्र इन्द्र ने उन्हें वज्र प्रदान किया ॥२८

अग्निदेव ने उन्हें सुदृढ़ उत्तम धनुष दिया और पवनदेव ने भी उन्हें बाणों से भरा तरकस, अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र तथा अभेद्य कवच प्रदान किया ॥२९

अठारह भुजाओंवाली और महा-नाद करनेवाली देवी महा-माया ने भी बड़े ऊँचे स्वर में सभी लोकों को भयभीत करनेवाला सिंह-नाद किया ॥३०

उस भयङ्कर नाद से तीनों लोक गूँज उठे। उस महा-नाद को सुनकर सारे दैत्य भी क्षुब्ध हो गए और उन्होंने दुर्द्धर्ष महिष के पास पहुँचकर पूछा—'हे राजन्! यह भय-दायक कैसा गर्जन सुनाई पड़ रहा है ?' ।।३१-३२

महिषासुर बोला—'हे पराक्रमी घोर! अपनी सेना सहित जाकर इस नाद के कारण का पता लगाकर तुरन्त वापस आओ' ।।३३

उपहास-पूर्वक घोरासुर महान् पर्वत विन्ध्य पर पहुँचा। वहाँ उसने अठारह भुजाओं से युक्त उन महा-देवी को देखा ।।३४

विष्णु की वे दिव्य स्वरूपा, मनोहारिणी माया सिंह पर विराजमाना थीं, अति शक्ति-शालिनी, महान् उत्साह से भरी हुई और सभी प्रकार के आभूषणों से सुशोभिता थीं ।।३५

गर्जन करनेवाली उन देवी को जानकर अति भय-भीत होकर उसने महिष को सूचित करने के लिए एक दूत को भेज दिया ।।३६

उस दूत ने जाकर देवी के प्रचण्ड गर्जन का वर्णन किया और बताया कि अठारह भुजावाली, महा-शक्ति-पराक्रम-शालिनी, कृष्ण-वर्णा काली सभी देवों का स्वरूप धारण किए, सिंह पर आसीना, गर्जन करती हुई घोर चण्डी-रूप में ऊँची विन्ध्य-शिला पर विराज-माना हैं ।।३७-३८

हे ब्रह्मन्! उस वर्णन को सुनकर महा-बली वीर महिष कुपित हो उठा और उसने अत्यन्त बुद्धिमान् दूत दुन्दुभि को घोर के पास भेजा ।।३९

'हे दुन्दुभे! तुम वहाँ जाओ, जहाँ घोर ने घेरा डाल रखा है। हे वीर! उस देवी को नीति से तथा शक्ति-प्रयोग से ले आओ। साथ ही घोर से कहना कि जैसा कार्य हो, वैसा ही उपाय करो।' महिष की बात सुनकर दुन्दुभि भी वहाँ पहुँच गया ।।४०-४१

मार्कण्डेय ने कहा—दुन्दुभि की बात सुनकर क्रोधाविष्ट होकर घोर ने श्रेष्ठ पर्वत उक्त विन्ध्याचल को घेर लिया ।।४२

वहाँ घोर शब्द करती हुई महा-शक्ति-पराक्रम-शालिनी उन चण्डिका ने बाणों को छोड़ा और दैत्यों का विनाश किया ।।४३

उस सेना को विनष्ट होते देखकर महा-बलवान् घोर ने कुपित दैत्यों के साथ उन देवी को चारों ओर से घेर लिया और तब वे दैत्य सर्प-विष के समान मारक बाणों की वर्षा करने लगे ।।४४

गिरते हुए बाणों को देखकर प्रचण्ड बलवाली महा-शक्ति-शालिनी चण्डिका ने तीक्ष्ण धारवाले चक्र द्वारा उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर दिया ।।४५

उन बाणों को निष्फल देखकर सभी दैत्यों ने घोर शब्द करते हुए क्रोधोन्मत्त होकर सैकड़ों हजार बाण फेंके । हे श्रेष्ठ द्विज ! बाणों की उस वर्षा से अम्बिका को कोई हानि नहीं पहुँची ।।४६

तब दैत्य-नाशिनी भगवती चण्डिका ने क्रुद्ध होकर उन बाण-समूहों को उसी प्रकार नष्ट कर डाला, जिस प्रकार सूर्य कुहरे को नष्ट कर देता है ।।४७

युद्ध की कामना से पास आये उन दैत्यों को देवी ने मार डाला और उनके रक्त-समूह से प्राण-भय उत्पन्न करनेवाली नदी वहाँ उत्पन्न हो गई ।।४८

वह नदी वेतालों और सैकड़ों चिल्लाती हुई शिवाओं से भर गई । राक्षसों से भरी हुई वह नदी यक्ष, गन्धर्व और पिशाचों के द्वारा भी पार नहीं की जा सकती थी ।।४९

हे मुने ! रक्त-समूह से भरी हुई, अति भीषणा, महा-भयङ्करी उस नदी में पैर, शिर व भुजाओं से रहित दैत्य उतरा रहे थे ।।५०

इस प्रकार की नदी को देखकर आरक्त नेत्रोंवाला महा-दैत्य घोर वहाँ आ पहुँचा, जहाँ कात्यायनी विराजमाना थीं ।।५१

छठा अध्याय

[घोरासुर का बध]

मार्कण्डेय बोले—तब शत्रु के नगरों को जीतनेवाला महा-वीर, भयानक पराक्रमी घोर क्रोधित होकर बहुत-सी भयङ्कर करोड़ों सेनाओं के साथ और हाथी, घोड़े, रथ से युक्त शत्रु-नाशक सेनापतियों से घिर कर उस भयानक नदी को पारकर आ पहुँचा। उसने अठारह भुजाओंवाली प्रचण्ड चण्डिका को देखा ।।१-३

तब सभी लोकों का नाश करनेवाला युद्ध प्रारम्भ हुआ। घोर ने चण्डिका को चारों ओर से छाप लिया, जैसे सूर्य को कुहरा ढँक देता है ।।४

हे मुनि-श्रेष्ठ ! यह देखकर आकाश में स्थित देवता हाहाकार करने लगे। तब भयानक पराक्रमवाली भगवती चण्डिका क्रुद्ध हो उठीं ।।५

उन्होंने युद्ध करने के लिए आए उन सभी दैत्यों का निवारण कर दिया और देवों तथा दैत्यों सभी के लिए प्रचण्ड शौर्यवाली चण्डिका कठिनाई से देखी जानेवाली हो गईं ।।६

मध्याह्न के समय जिस प्रकार सूर्य अपने प्रखर तेज के कारण देखा नहीं जा सकता, उसी प्रकार चण्डिका शोभायमान हुईं। महा-वीर घोर ने भी सभी सेनाओं सहित बाण-वर्षा कर प्रचण्ड-पराक्रम-वाली चण्डिका को आच्छादित कर दिया, जैसे जल-वर्षा द्वारा मेघ मेरु-पर्वत के शिखर को ढँक देते हैं। शत्रु-शक्ति-नाशक घोर ने ऐसी ही बाण-वर्षा की ।।७-८

तब हे ब्रह्मन् ! उन चण्डिका ने सभी बाणों को नष्ट कर दिया और पुनः आनेवाले उन सब बाणों को चक्र द्वारा टुकड़े-टुकड़े कर दिया ।।९

उन्हें टुकड़े-टुकड़े किया गया देखकर घोर अति क्रोधित हो उठा। दैत्यों की हित-कामना से वह चिल्लाया कि 'यह भयानक रूप-वाली भयावनी देवी शीघ्र ही मार डाली जाने योग्य है।' हे मुनि ! घोर की इस बात को सुनकर भयानक मुखवाले सभी दैत्य-योद्धाओं

ने उन देवी को चारों ओर से घेर लिया। उस समय युद्ध में दानव अग्नि-चक्र की प्रतिमा के समान दिखाई देने लगे ।।१०-१२

तब प्रचण्ड पराक्रमवाली चण्डी ने क्रुद्ध होकर उन सभी दैत्यों को उसी प्रकार विदीर्ण कर डाला, जैसे सूर्य कुहरे को नष्ट कर देता है ।।१३

भयानक स्वरूपा महा-शक्तिवाली वे चण्डिका देखने में कष्ट-प्रदा हो गईं। मध्याह्न के सूर्य के समान वे शोभा पाने लगीं ।।१४

महा-भयानक, भीषण पराक्रमी घोर भी पुनः क्रोधित होकर बहुत से वीरों के साथ युद्ध के लिए निश्चय करके आया ।।१५

उसने अपने धनुष को फैला कर बाणों को शीघ्रता से लेते हुए महा-बल-शालिनी देवी महा-माया को उनसे बींध दिया ।।१६

तब देवी चण्डिका भी क्रोधोन्मत्त होकर उन बाणों को पकड़ कर उनके दो-दो टुकड़े कर बारम्बार इधर-उधर फेंकने लगीं ।।१७

हे श्रेष्ठ द्विज ! महा-शूर घोर ने पुनः सर्प-विष के समान घातक बाणों को फेंक कर उन चण्डिका के हृदय को बेधा ।।१८

तब भगवती ने क्रुद्ध होकर अतुल तेजवाले चक्र द्वारा सर्प-विष के समान उन सभी बाणों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए ।।१६

महा-पराक्रमी और अति तेजस्वी दुरात्मा दैत्य घोर ने तब सैकड़ों और हजारों बाणों की झड़ी लगा दी ।।२०

वे देवी बाण-समूहों से ढँक गईं, जैसे धुआँधार कुहरे से सूर्य छिप जाता है। तब देवों में पुनः भयङ्कर हाहाकार का शोर मच गया ।।२१

हे मुनि-श्रेष्ठ ! उस समय, जैसे मेघ वायु द्वारा दूर हट जाते हैं, वैसे ही देवी ने युद्ध करने के लिए उन सब बाण-समूहों को छिन्न-भिन्न कर दिया ।।२२

तब देवी उसी प्रकार शोभायमान हुईं, जैसे मेघ से मुक्त होकर सूर्य। साथ ही जगदम्बा अपने प्रखर तेज के कारण देखने में उसी प्रकार असाध्य हो गईं, जैसे वृष राशि में प्रविष्ट सूर्य देखा नहीं जा सकता ।।२३

तब समस्त सेनाओं से सम्पन्न महा-वीर घोर ने उच्च स्वर में सिंह-नाद कर धनुष खींचा और शीघ्रता से सर्प-विष के समान तीव्र बाणों को पकड़कर, हे श्रेष्ठ द्विज ! उस महा-बली दैत्यराज ने उन्हें छोड़ दिया ।।२४-२५

उन बाणों ने देवी के सुलक्षणों से युक्त शरीर को भेदन किया। फिर वे सुनहले पङ्खवाले और तेज नोकवाले बाण पृथ्वी पर जा गिरे ।।२६

दिव्य देह से उत्पन्न महान् रक्त-समूह बह निकला। तब देवताओं के स्वरूपवाली वे देवी काली क्रोधित हो उठीं ।।२७

नवीन शरीर से सम्पन्न होकर, विशाल-काया, महा-पराक्रमी परमेश्वरी ने दिव्य धनुष को विस्तीर्ण कर गर्जना की ।।२८

उस गर्जना से तीनों भुवन काँप उठे। साथ ही उन्होंने पर्वत पर मेघ-जैसी बाण-वर्षा की ।।२९

उन बाणों ने भयानक पराक्रमी घोरासुर तक पहुँचकर उसके हजारों घाव कर दिए, जिनसे रक्त की बहुत बड़ी धारा बह चली ।।३०

धातु-युक्त पर्वत के समान दैत्य-राज उस समय विराजमान था। उसके रक्त से हजारों भयानक दत्य उत्पन्न हो गए ।।३१

हे श्रेष्ठ मुनि ! भगवती ने उस दैत्य का शिर काट डाला। उसके घावों से निकले रक्त-बिन्दुओं से नए-नए महान् असुर उत्पन्न हो गए ।।३२

तब हे श्रेष्ठ द्विज ! घोर नामक महा-बली असुर करोड़ों रूपों में हो गया ! उन दैत्यों से तीनों लोक व्याप्त हो गए ।।३३

यह देखकर दिव्य-स्वरूपा भगवती देवी क्रोधित हो उठीं। तब वे चण्डिका देवी करोड़ों रूप धारण करनेवाली बन गईं ।।३४

भयानक पराक्रम करनेवाले घोर नामक एक-एक दैत्य-राज को पकड़कर चण्डिका हजारों किरणों के समान शोभायमान हुईं ।।३५

माया द्वारा उत्पन्न समस्त असुरों के मूल-स्वरूप, महान् उग्र एवं श्रेष्ठ दैत्य को उन भगवती ने मार गिराया। प्रसन्न होकर देवता लोग उनकी स्तुति करने लगे और आकाश नृत्य तथा गायन से गूँजने लगा ।।३६

• • •

सातवाँ अध्याय

[चिक्षुर का बध]

मार्कण्डेय बोले—घोर का मारा जाना सुनकर महिष क्रोध से मूर्छित हो गया और उसने दैत्येन्द्र नमर तथा चिक्षुर को जाने का आदेश किया ॥१

अति उग्र व्यक्तित्ववाले, महेन्द्र-स्वरूप, महा-बली घोर को मारा गया सुनकर तुरन्त ही तब नमर नाम से प्रसिद्ध महा-बली, मनस्वी दैत्य चल पड़ा ॥२

उन भयङ्करी, महा-शक्ति-शालिनी कल्याणी को सिंह पर बैठी हुई और नवीन धनुष लिए युद्ध-क्षेत्र में बारम्बार गर्जन करती हुई देखकर महा-बली नमर को बड़ा क्रोध हुआ ॥३

क्रोध में भरकर महा-बली, भयानक पराक्रमी, दैत्यराज नमर ने विशाल धनुष फैलाकर पृथ्वी को कँपाते-से हुए सिंह-गर्जना की और जल-धर मेघ के समान बाण-वर्षा करने लगा ॥४-५

प्रचण्ड पराक्रमवाली उन चण्डी के हृदय पर उसने चोट पहुँचाई। तब कोपाविष्टा होकर भगवती चण्डी ने तुरन्त ही बाणों को लेकर महा-बली और पराक्रमी दैत्येन्द्र को बींध दिया। हे श्रेष्ठ मुनि! बाणों की चोट से तिलमिला कर वह बारम्बार काँपने लगा, जैसे वायु के वेग से केले का वृक्ष कम्पित होता है ॥६-७

महा-बली दैत्य-राज, दानवों में श्रष्ठ, नमर ने धीरज का सहारा लेकर पुनः शत्रु-नाशक सुनहली पीठवाला, सुदृढ़, दिव्य श्रेष्ठ धनुष लेकर उसे खींचा और तुरन्त ही सुनहले पङ्खवाले, तैल द्वारा धुले हुए, सर्प-विष के समान घातक बाणों को लेकर उन दैत्य-नाशिनी, महा-भयङ्करी चण्डिका को बींध दिया ॥८-१०

हे ब्रह्मन्! तब क्रोध से लाल नेत्रों-वाली उन चण्डिका ने सर्प-विष के समान उक्त सभी बाणों को चूर-चूर कर दिया ॥११

फिर उन्होंने वज्र के समान भयानक पाँच बाण लेकर उनसे दैत्य-श्रेष्ठ, वीर नमर के हृदय को बींध दिया ॥१२

उन देवी द्वारा हृदय के बिंध जाने से वह मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा। होश में आकर दैत्य-राज ने पुनः युद्ध करने का निश्चय किया ॥१३

श्रेष्ठ धनुष को खींच कर उसने सिंह-नाद किया। उस महान् नाद से तीनों लोक काँप उठे ॥१४

हे मुनि-श्रेष्ठ ! दैत्य-श्रेष्ठ नमर ने दस बाण लेकर उनसे देवी के ललाट पर चोट की ॥१५

तब भयानक पराक्रमवाली महा-शक्ति-शालिनी देवी चण्डिका ने क्रोध में भरकर पाँच हजार बाणों को लेकर, हे द्विज-श्रेष्ठ ! उस वीर की भुजाओं के बीच में मारा। तब हे मुनि-श्रेष्ठ ! दैत्य-राज नमर ने क्रुद्ध होकर सर्प-विष के समान घातक बहुत से बाण लेकर देवी के सिंह को और स्वयं देवी को बींध दिया ॥१६-१८

नमर द्वारा फेंके उन सभी बाणों को उन देवी चण्डिका ने छिन्न-भिन्न कर दिया। फिर कुपिता देवी ने क्रोधपूर्वक चक्र को उठा लिया ॥१९

हे द्विज-श्रेष्ठ ! उस नमर का उन्होंने सिर काट दिया। दैत्य नमर के मारे जाने पर महा-बली चिक्षुर भी 'हाय, हाय, नमर !' कहते हुए दुःख से व्याकुल-नेत्र होकर बहुत-सी सेनाओं के साथ आ पहुँचा ॥२०-२१

उस दैत्य-राज ने सुदृढ़ धनुष और सुनहले पङ्खवाले बहुत से खून पीनेवाले भयङ्कर नाराच बाणों को लेकर देव-स्वरूपा देवी की ओर फेंके। हे श्रेष्ठ द्विज ! उन देवी ने भी उच्च स्वर से निनाद किया ॥२२-२३

शङ्ख, चक्र, खड्ग और मुद्गर धारण करनेवाली, सिंह की पीठ पर विराजमाना, दैत्य-सेना नाश करनेवाली नित्या देवी ने उन खून पीनेवाले नाराच बाणों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और तीक्ष्ण धारवाले चक्र के द्वारा उन प्राणि-पालिका नित्या चण्डिका देवी ने सारथि के साथ रथ को नष्ट कर दिया ॥२४-२५

घोड़े और सारथि के मर जाने पर तीक्ष्ण नोकवाले खड्ग और चीते की खाल की बनी सुदृढ़ ढाल लेकर क्रुद्ध चिक्षुर देवी की ओर दौड़ा ॥२६

उस महा-बली दैत्य को खड्ग हाथ में लिए हुए आता देखकर भयङ्कर पराक्रमवाली उन देवी चण्डिका ने पुनः अट्टहास किया और उसके खड्ग को चूर-चूर कर ढाल के दो टुकड़े कर दिए ।।२७

खड्ग को नष्ट हुआ देखकर क्रोध से लाल आँखोंवाले चिक्षुर ने चण्डिका को मारने के लिए प्रस्तुत होकर भयानक मुद्गर हाथ में लिया ।।२८

उस मनस्वी चिक्षुर द्वारा फेंके शत्रु-नाशक मुद्गर को भी उन देवी ने दूर फेंक दिया ।।२९

हे ऋषि विप्र ! मुद्गर को व्यर्थ हुआ देखकर दैत्य-श्रेष्ठ चिक्षुर ने शक्ति हाथ में ली और देवी को मारने के लिए वह पास आ गया ।।३०

प्रचण्ड पराक्रमवाली चण्डिका ने उसे आता देखकर, देवताओं के देखते-देखते, उसके शरीर से सिर को काटकर अलग कर दिया ।।३१

हे द्विज-श्रेष्ठ ! मारा गया दैत्य जड़-कटे वृक्ष के समान गिर पड़ा । हे ब्रह्मन् ! इस प्रकार दिव्य-स्वरूपा देवी के द्वारा सेनाओं और वाहनों के साथ दैत्य-सेनापति चिक्षुर मारा गया ।

आठवाँ अध्याय

[महिषासुर का बध]

मार्कण्डेय बोले—वीर नमर और चिक्षुर को मरा हुआ सुनकर दैत्य-राज महिष भी महती सेनाओं के साथ आ पहुँचा ।।१

हे ब्रह्मन् ! महिष के आगे-आगे करोड़ों हजार दैत्य-सेनाओं से घिरा हुआ अन्धक चला ।।२

करोड़ों सैनिकों सहित वहाँ तारक भी गया। महा-वीर, महा-विशाल, महा-बली विडालस्या उसके आगे-आगे दसों हजारों की संख्या में चले। हे मुने ! महा-बली एवं पराक्रमी काबन्ध दैत्य दस हजार सेना-दलों के सहित गए ।।३-४

महा-बली काम्बोज, शक और चीन-गणों के सभी महा-बली दैत्य-वीर सेनाओं सहित गए ।।५

तभी यवन, सौभक, आलेय-गणों के विशालकाय महा-शक्ति-शाली दैत्य भी हजारों सेनाओं से घिरकर गए ।।६

हे श्रेष्ठ-द्विज ! महा-वीर कालकेय-गण करोड़ों दैत्य-वीरों के साथ युद्ध करने की इच्छा से गए ।।७

ये सब और धूम्राक्ष, धूम्रकेतु, धूम्र-माली, धुन्धु, धूम्र-लोचन, शुम्भ-निशुम्भ, चण्ड, मुण्ड नामक महा-वीर तथा अन्य बहुत से सभी दैत्य जा पहुँचे ।।८-९

घोर का महा-बली वीर पुत्र रक्त-बीज और महिष के सुक्षेप और सुन्दक नामक दो पुत्र भी गए ।।१०

इन सभी और अन्य बहुतों से घिरे हुए बली महिषासुर ने महा-पराक्रमवाली उन महा-माया को सिंह पर चढ़ी हुई देखा ।।११

सभी दैत्य योद्धाओं ने पर्वत, वन, उपवन सहित समस्त पृथ्वी को कँपाते हुए अलग-अलग सिंह-नाद किया ।।१२

हे विप्रर्षि ब्रह्मन् ! इसी बीच भयानक पराक्रमवाली चण्डिका देवी ने पृथ्वी-तल पर सिंह-नाद किया। उस महान् नाद से तीनों लोक काँप उठे ।।१३

तब महा-वीर, श्रेष्ठ दैत्य महिष ने कुपित होकर उत्तम पर्वतों में श्रेष्ठ विन्ध्याचल को घेर लिया ।।१४

प्रचण्ड एवं दिव्य पराक्रमवाली चण्डिका देवी अब पर्वत से उतर आईं और दैत्यों से युद्ध करने लगीं ! ।।१५

तब भयानक पराक्रमवाले दैत्य-राज महिष क्रोधित होकर रक्त पीनेवाले तीक्ष्ण नाराच बाणों की वर्षा करने लगा ।।१६

हे श्रेष्ठ द्विज ! देव-रूपिणी उन चण्डिका देवी ने सर्प-विष के समान घातक बाणों को नष्ट कर डाला ।।१७

समस्त सेनाओं को साथ लेकर महा-वीर महिष ने भी दिव्य, सुदृढ़ और स्वर्ण-भूषित धनुष ले लिया ।।१८

सर्प-विष के समान घातक और स्वर्ण-भूषित बाणों को लेकर और धनुष को फैलाकर उस महा-वीर ने मनमानी करनेवाली चण्डिका पर प्रहार किया ।।१९-२०

दुष्टात्मा महिष के द्वारा बाणों से बिद्ध हुई उन देवी भगवती ने कुपित होकर तुरन्त ही चक्र ले लिया ।।२१

उस दैत्य-राज के साथ भगवती का युद्ध होने लगा, जो सभी देवताओं को भय-दायक था। भगवती ने दैत्य-राज के प्रति चक्र फेंका ।।२२

हे महा-मुने ! महा-वीर दैत्येन्द्र ने भी चक्र लेकर वेग के साथ फेंका, जिससे भगवती का चक्र छिन्न-भिन्न हो गया ।।२३

तब हे ब्रह्मन् ! क्रोध से लाल आँखोंवाली भगवती ने उच्च स्वर से सिंह-नाद कर तुरन्त ही बाणों को लिया ।।२४

हे श्रेष्ठ मुनि ! उनसे दैत्येन्द्र के हृदय पर प्रहार किया। वे तीक्ष्ण बाण उसके हृदय को भेदन कर तुरन्त ही पृथ्वी पर गिर पड़े ।।२५

तब महा-बली और पराक्रमी दैत्येश्वर ने क्रोधित होकर देव-सेना को विनिष्ट करनेवाली भयानक शक्ति फेंकी ।।२६

उस शक्ति को आता हुआ देखकर भयानक पराक्रम करनेवाली चण्डिका ने चक्र के द्वारा उसके दो टुकड़े कर दिये और वह पृथ्वी पर गिर पड़ी ।।२७

हे श्रेष्ठ मुनि ! उसे निष्फल होकर गिरी हुई देखकर महिष ने क्रोध से उन्मत्त होकर सोने की पीठवाले सुदृढ़ धनुष को लेकर और तीक्ष्ण नोक तथा स्वर्ण-पङ्खवाले बाणों को खींचकर हँसते हुए उन देवी के हृदय को बिद्ध किया ।।२८-२९

तब कुपित होकर भयानक पराक्रमवाली महा-माया चण्डिका परमेश्वरी ने चक्र द्वारा ही दैत्यों को मारा ।।३०

दैत्यों के शरीर से निकले हुए बहुत से रक्त से भय-दायिनी भयङ्कर नदी उत्पन्न हो गई, जिसमें मुकुट, पगड़ी आदि फेन के समान, हाथी द्वीप के समान और लौह-दण्ड (तोमर) घड़ियालों के समान शोभित होने लगे ।।३१-३२

राक्षसों के द्वारा सुशोभिता वह नदी कौओं और बाजों से युक्त होकर और सैकड़ों गीदड़ियों के शोर से गुंजायमाना होकर बड़ी भयङ्कर थी। बेतालों के समूहों से भरी हुई और भयङ्कर हुंकार से वह बड़ी भीषण थी। महा-वीर महिष भी उसे देखकर हताश हो उठा ।।३३-३४

सिंह पर चढ़ी हुई और लाल आँखोंवाली गर्जती उन महा-माया को वेग से आती हुई देखकर समस्त सेनाओं से युक्त उस वीर ने चारों ओर से उन पर बाणों की धारा-प्रवाह वर्षा की, जिस प्रकार मेघ जल-वर्षा करते हैं ।।३५-३६

तब क्रोध के वश में हुई भयानक-स्वरूपा, अति-भय-दायिनी देवी नवीन धनुष लेकर किल-किला शब्द करके दैत्य-राज को मारने की इच्छा से दौड़ीं ।।३७

उन्हें आती हुई देखकर महा-बली दैत्य-राज भी क्रोध में भर कर किल-किला शब्द कर दौड़ा ।।३८

खड्ग और ढाल लिये हुए, महा-बली, पराक्रमी दैत्य ने सिंह को मारा और शत्रु-वीरों को हत करनेवाला गर्जन किया ।। ३९

उस खड्ग ने महात्मा सिंह के हृदय तक पहुँचकर उससे रक्त की धारा बहा दी, जैसे गेरू के पर्वत से लाल धारा निकली हो। तब कोपाविष्टा चण्डिका ने क्रोध से उन्मत्त होकर तुरन्त ही बाणों को लेकर दैत्येन्द्र पर फेंके। बाण से बिंधकर दैत्येन्द्र ने महिष का रूप धारण कर लिया ।।४०-४१

उन देवी ने त्रिशूल लेकर हृदय में मारा, तब श्रेष्ठ दैत्य ने महिष का रूप छोड़कर हाथी का रूप धारण कर लिया ।।४२

सुन्द ने दैत्यों के साथ शीघ्र ही देवी के सिंह पर अधिक शक्ति के साथ प्रहार किया किन्तु उन देवी ने अति तेज-पूर्ण पाश से उस घोर दैत्य को बाँध लिया। दैत्येन्द्र ने अपने शरीर को पाश से बँधा हुआ समझ कर हाथी का रूप छोड़कर पुनः महिष का रूप धारण कर लिया ।।४३-४४

उसकी पूँछ से ताड़ित सागर ने चारों ओर बाढ़ से जल भर दिया। अपनी सींगों से उसने ऊँचे पर्वतों को छिन्न-भिन्न कर दिया और गर्जन किया ।।४५

इस बीच में उन देवी ने बारम्बार पान कर त्रिशूल लिया और महिष के शरीर से आधा निकले हुये दैत्य के हृदय में प्रहार किया ।।४६

शूल के प्रहार से महा-बली दैत्य-राज स्तब्ध रह गया। फिर भी, खड्ग और कवच-धारी वह युद्ध करने की कामना से प्रस्तुत था किन्तु हृदय में स्तब्ध होकर वह दैत्य पृथ्वी-तल पर चल नहीं सका ।।४७

तब कुपिता चण्डी ने शीघ्र ही खड्ग लेकर महिषासुर के सिर को काटकर पृथ्वी-तल पर गिरा दिया ।।४८

हे श्रेष्ठ द्विज ! उस महा-बली घोर दैत्य के मर जाने पर धरती स्वस्थ हो गई। बचे हुये दैत्य भयभीत होकर सेनाओं और वाहनों के साथ पाताल-देश में प्रवेश कर गए ।।४९

नवाँ अध्याय

[सुन्द और उपसुन्द का वध]

श्री मैत्रेय बोले—हे द्विज-श्रेष्ठ, वेद और वेदाङ्ग में पारङ्गत, मार्कण्डेय ! महिष के मारे जाने पर उन देवी ने क्या किया ? ।।१

मार्कण्डेय ने कहा—हे मुने ! महिष के दो विख्यात वीर पुत्र सुन्द और उप-सुन्द ने वायु पीते हुए तपस्या की थी ।।२

वे दोनों वीर सूखे पत्ते खाकर शिव की आराधना में लगे रहे थे और महा-बली वे दोनों एक पैर से खड़े रहे थे ।।३

दश हजार वर्षों तक वे वायु-भोजन में तत्पर रहे थे। उनके तप से सन्तुष्ट होकर बैल पर सवार देवेश महेश्वर वहाँ पहुँचे, जहाँ वे दोनों तपस्या कर रहे थे और उनसे कहा कि–'हे दोनों दैत्य-राज ! अपनी मनोकामना का फल पानेवाला वर माँगो' ।।४-५

हे ब्रह्मन् ! शङ्कर के वचन को सुनकर उन दोनों महा-बली, महा-वीर सुन्द और उपसुन्द ने ध्यान करना छोड़कर कहा कि—।।६

'हे भूतेश्वर देवेश ! आपकी कृपा से हम दोनों मनुष्यों, सभी देवताओं, दानवों, यक्षों चारणों, गन्धर्वों, नागों, राक्षसों—किन्हीं के भी द्वारा पराजित न हों।' उन दोनों से 'ऐसा ही हो', कहकर शङ्कर स्वर्ग को चले गये ।।७-८

शिव से वर पाकर उन दोनों दैत्यों ने अत्यन्त शक्ति-सम्पन्न होकर विजय के लिए निश्चय कर समस्त सेनाओं को एकत्र कर सभी देवों को पराजित कर दिया और प्रसन्न होकर राज्य करने लगे ।।९

तब देव-गण मनुष्यों के समान होकर पृथ्वी पर भटकने लगे। हे द्विजों में श्रेष्ठ मुने ! उस समय वे दोनों दैत्य-राज सूर्य, चन्द्र, अग्नि, यम, वायु, इन्द्र, मरुत और ब्रह्मा तक के कार्य करने लगे ।।१०-११

इस प्रकार पराजित देवता, जो पृथ्वी पर मनुष्यों के समान रहने लगे थे, देवाधिदेव चक्र-धारी विष्णु की शरण में गए ।।१२

तब हे श्रेष्ठ द्विज ! सूर्य, चन्द्र, यम, अग्नि, पवन, इन्द्र और ब्रह्मा भी दुखी होकर गए ।।१३

राज्य-हीन और तेज-हीन हुये ब्रह्मा आदि सभी देवताओं ने देव-देवेश, आदि-देव जनार्दन को देखा ।।१४

हे श्रेष्ठ द्विज ! उन सनातन देव-देव को सुन्दासुर से पीड़ित देवताओं ने काँपते हुए बारम्बार प्रणाम किया ।।१५

"हे प्रभो ! सुन्द और उपसुन्द ने हमारे राज्य छीन लिए हैं। राज्य-च्युत हम लोग क्या करें और कैसे-कहाँ जाएँ ?" ।।१६

देवताओं की बात सुनकर भगवान् जगदीश्वर चिन्ता से व्याकुल-नेत्र होकर आद्या शक्ति की स्तुति करने लगे ।।१७

माता त्वमेवासि पिता त्वमेव,
त्वमेव भ्राता च स्वसा त्वमेव ।
काष्ठा त्वमेवासि कला त्वमेव,
काल - स्वरूपाऽखिल - लोक - हेतुः ।।१
अन्ने रसस्त्वं पुरुषेषु तेजः,
पुष्पेषु वासोऽपि गवां हि क्षीरम् ।
सूर्ये प्रभा त्वं शशिनोऽमृतं च,
हरेः श्रियं त्वां प्रणतोऽस्मि नित्यं ।।२
नित्या त्वमेवासि तथाऽप्यनित्या,
नित्याऽसि लोके खलु मोहिनीति ।
जागर्ति-रूपाऽसि जगत्-त्रयेऽपि,
ख्याताऽसि मायेति समस्त-देहिनां ।।३
विद्या त्वविद्याऽसि सदैव भाविनी,
भूतादि-भूताऽसि दिवा च रात्रिः ।
आद्यन्त-हीना ह्यविचिन्त्य-रूपा,
जलं स्थलं व्याप्य सदैव तिष्ठसि ।।४

सगुणा निर्गुणा त्वं हि, सकला निष्कला तथा ।
उप-श्रुतिः श्रुतिश्चैव, स्वर्ग-मर्त्य-विभाविनी ॥५
स्वधा स्वाहा परेशानी, काल-रात्रिश्च कालिका ।
परा वरा स्तम्भिनी च, योग-निद्रा सनातनी ॥६
दुर्गा शाकम्भरी गौरी, पार्वती परमेश्वरी ।
सावित्री मङ्गला भद्रा, गायत्री च महा-बला ॥७
माहेश्वरी च चामुण्डा, कौमारी वैष्णवी तथा ।
चामुण्डैन्द्री च वाराही, ब्रह्माणी नारसिंहिनी ॥८

'तुम्हीं माता हो, पिता तुम्हीं हो, तुम्हीं भाई हो और तुम्हीं बहन हो । तुम्हीं काष्ठा (सीमा) हो, कला तुम्हीं हो, समस्त संसार की कारण –काल-स्वरूपा हो ॥१८

'अन्न में तुम रस हो, पुरुषों में तेज हो । फूलों में सुगन्ध और गायों में दूध हो । सूर्य में प्रकाश हो और चन्द्रमा में अमृत हो । हरि की श्री तुमको मैं नित्य प्रणाम करता हूँ ॥१९

'तुम्हीं नित्या हो और अनित्या भी । निश्चय ही संसार में तुम नित्या मोहिनी हो । तीनों लोकों में तुम जागृति-स्वरूपा हो और सभी शरीर-धारियों में माया-नाम से तुम्हीं प्रसिद्ध हो ॥२०

'तुम विद्या और अविद्या हो, सदैव भावना-मयी हो । भूतों की तुम आदि-स्वरूपा हो । दिन और रात तुम्हीं हो । आदि और अन्त से रहित तुम्हारा स्वरूप अचिन्तनीय है । जल और स्थल को [illegible] र तुम सदा ही विद्यमान रहती हो ॥२१

'सगुणा और निर्गुणा तुम्हीं हो तथा सकला और निष्कला भी हो । श्रुति और उप-श्रुति तुम्हीं हो, स्वर्ग और मृत्यु-लोक की तुम्हीं रचना करनेवाली हो ॥२२

'स्वधा, स्वाहा, परमेशानी, काल-रात्रि, कालिका, परा, वरा, स्तम्भिनी, सनातनी और योग-निद्रा तुम्हीं हो ॥२३

'दुर्गा, शाकम्भरी, गौरी, पार्वती, परमेश्वरी, सावित्री, मङ्गला, भद्रा, गायत्री और महा-बला तुम्हीं हो ॥२४

'माहेश्वरी, चामुण्डा, कौमारी, वैष्णवी, ऐन्द्री, वाराही, ब्रह्माणी और नारसिंही तुम्हीं हो' ।।२५

मार्कण्डेय ने कहा—इस प्रकार उन जनार्दन विष्णु द्वारा स्तुति किए जाने पर वे परमेश्वरी बोलीं कि 'हे जनार्दन ! मैं देवताओं और मुनियों का सदा कल्याण करूँगी' ।।२६

तब देव-देवेश्वर विष्णु द्वारा विदा किये गए देवता अपने-अपने स्थान को लौट गए और जगत् के स्वामी, महान् विश्वात्मा भगवान् भी विश्राम करने लगे ।।२७

हे ब्रह्मन् ! तब वे चण्डिका मोहिनी-रूप में श्रेष्ठ और मनोहर पर्वत विन्ध्याचल के समीप आईं। उन महा-माया का रूप दिव्य तथा अत्यन्त ही सुन्दर, हृदय-हारी था ।।२८

इसी बीच सुन्द और उप-सुन्द नाम से प्रसिद्ध दोनों महा-दैत्य-राज वहाँ आ पहुँचे ।।२९

उन दोनों वीरों ने उन विश्व-मोहिनी कल्याणी देवी मोहिनी को देखा और खड्ग खींच कर बोले कि 'यह सुन्दर स्वरूपवाली मेरी है' ।।३०

'मैं इससे विवाह का इच्छुक हूँ, यह मेरी पत्नी होगी'—यह कहते हुए वे दोनों दैत्य मोहिनी की ओर बढ़े ।।३१

सुन्दरी मोहिनी ने अपने रूप, मधुर हँसी, मीठी वाणी और मोहक कटाक्षों से उन दोनों भयानक असुरों को मुग्ध कर दिया ।।३२

मोहिनी की कामना से सुन्द ने वीर उपसुन्द को और उपसुन्द ने सुन्द को—दोनों वीरों ने एक-दूसरे को खड्ग से मार डाला ।।३३

हे श्रेष्ठ द्विज ! इस प्रकार दैत्य-राजाओं से युद्ध किये बिना ही मोहिनी ने उन दोनों घोर दैत्यों को बिना किसी रक्त-पात के नष्ट कर दिया ।।३४

वह चण्डिका इस प्रकार नित्या, विष्णु-माया नाम से सदा संसार की सृष्टि, स्थिति और लय करती रहती हैं ।।३५

परम शिव के आश्रय में रहनेवाली वही शक्ति-स्वरूपा विद्या है, साथ ही अविद्या भी है और वही सभी प्राणियों को बन्धन में डालती है तथा उन्हें बन्धन से मुक्त भी करती है ।।३६

दसवाँ अध्याय

[मुर आदि दैत्यों का संहार]

मैत्रेय बोले—'मुर' नाम का वह कौन था : देवता, यक्ष या असुर ? विष्णु किस प्रकार 'मुरारि' नाम से विख्यात हुए, यह कहिए ॥१

मार्कण्डेय ने कहा—'मुर' नामक एक असुर-राज बली दानव था। उसे प्राचीन काल में रजः, सत्त्व से युक्त गुणवान् तपोमय, निर्गुण, सर्वत्र पहुँचनेवाले, सर्व - व्यापी, मधु-सूदन, देवी - सहाय, भगवान् विष्णु ने मारा और 'मुरारि' कहलाए ॥२-३

मैत्रेय बोले—जो 'मुर' नाम से विख्यात है, वह किसका पुत्र कहा गया है ? विष्णु के द्वारा युद्ध में वह किस प्रकार मारा गया ? यह सब मुझे बतलाइए ॥४

मार्कण्डेय बोले—मैं मुरासुर के संहार की कथा कहूँगा, सुनिए। यह कथा विचित्र है, पुण्य-दायक और पाप-नाशक है ॥५

कश्यप के औरस पुत्र 'मुर' नामक उस दानव ने मृत्यु-भय को दूर करने के लिए अत्यन्त कठिन तपस्या की ॥६

उसने अजेय भगवान् ब्रह्मा की आराधना की। तब उससे प्रसन्न होकर वर देने को उद्यत उन्होंने कहा 'हे पुत्र ! वर माँगो' ॥७

उस दैत्य ने लोकों के स्वामी ब्रह्मा से यह भयङ्कर वर माँगा कि—'जिस-जिसको मैं अपने हाथ से छुऊँ, वह तुरन्त मर जाए।' लोकों के पितामह ने कहा कि 'ऐसा ही हो' ॥८

तदनन्तर अत्यन्त तेजस्वी और बलवान् मुर देव-पर्वत पर गया और उसने देवों, यक्षों तथा किन्नरों को ललकारा ॥९

हे द्विज ! उस दैत्य के साथ कोई युद्ध करने नहीं आया। तब घमण्ड के साथ देव-पुरी अमरावती में जाकर उसने इन्द्र को ललकारा। स्वर्ग में प्रवेश करते हुये उसे रोकने का किसी को साहस नहीं हुआ ॥१०

वह मुर तब इन्द्र के महल में जाकर बोला—हे सहस्त्र नेत्रोंवाले इन्द्र ! मुझसे युद्ध करो, नहीं तो स्वर्ग छोड़कर चले जाओ' ॥११

दैत्य मुर के इस प्रकार कहने पर, हे ब्रह्मन् ! इन्द्र ने सोचा कि 'इसके साथ युद्ध करना ठीक नहीं है' और स्वर्ग के राज्य को छोड़कर वे पृथ्वो पर आ गए ।।१२

तब शत्रु मुर ने इन्द्र के हाथी ऐरावत और वज्र को ले लिया और परिवार-सहित सभी देवताओं के साथ महा-तेजस्वी देव-राज इन्द्र कालिन्दी के दक्षिणी तट पर आकर वहाँ के नगर में रहने लगे। मुर भी स्वर्ग में रहता हुआ दिव्य भोगों का सुख लेने लगा ।।१३-१४

भय और तार आदि अन्य भयङ्कर दानव भी देव-पुरो में पहुँच कर आनन्द मनाने लगे, जैसे स्वर्ग में पुण्यवान् लोग मनाते हैं ।।१५

किसी समय वह घोर असुर पृथ्वी-तल पर आया और हाथी पर अकेले बैठा हुआ सरयू नदी के किनारे पहुँचा ।।१६

उसने सरयू के तट पर सूर्य-वंशी रघु नामक वीर राजा को देखा, जो यज्ञ-कर्म में संलग्न थे ।।१७

उन राजा के पास पहुँचकर दैत्य ने कहा कि—'मुझसे युद्ध करो, नहीं तो यज्ञ बन्द करो। तुम्हें देवताओं का यजन नहीं करना चाहिए' ।।१८

हे ब्रह्मन् ! मित्रा-वरुण से उत्पन्न, तपस्वियों में श्रेष्ठ, अति तेजस्वी, बुद्धिमान् महर्षि वसिष्ठ ने उससे कहा–।।१६

'मनुष्यों को जीतने से क्या लाभ ? दुश्चरित्र दैत्यों को अपने शासन में रखो। यदि उन्हें मारना नहीं चाहते, तो तुम यम-राज को पकड़ो। यदि वह पराक्रमी तुम्हारे शासन को सर्वत्र स्वीकार कर ले, तो समझो, पृथ्वो पर सभी तुमसे पराजित हो गये' ।।२०-२१

वसिष्ठ की इस बात को सुनकर दैत्य-श्रेष्ठ दण्ड-धारी धर्म-राज को जीतने के लिये चल पड़ा ।।२२

उसे आता हुआ सुनकर यम-राज ने जाकर दो भैंसे रथ में लगाए और उस पर चढ़कर वे केशव के पास जा पहुँचे ।।२३

उन्होंने उन विष्णु की वन्दना कर मुर की चेष्टा बताई। विष्णु ने कहा कि–'जाओ, उस घोर असुर को मेरे पास भेजो' ।।२४

विष्णुदेव की बात सुनकर शीघ्रता से यमराज वापस चल पड़े। इसी बीच मुर यमपुरी में पहुँचा ।।२५

उसे आया हुआ देखकर यम-राज बोले—'हे दानवेश्वर मुर! क्या करना चाहते हो ? तुम अपने मन की कामना बताओ' ।।२६

मुर ने कहा--हे यम ! यहाँ तुम्हें प्रजा का शासन नहीं करना चाहिए, नहीं तो आज मैं तुम्हारा सिर काटकर पृथ्वी पर गिरा दूँगा ।।२७

उससे धर्म-राज ने यह बात कही कि 'तुम मुझे क्यों रोकते हो ? मैं तो किसी अन्य के द्वारा नियुक्त हूँ। अपनी इच्छा से तो यह कार्य करता नहीं हूँ' ।।२८

मुर ने उनसे कहा--'तुम्हारा शासक कौन है, मुझे बताओ। मैं इस स्थान को छोड़कर लौट जाऊँगा, इसमें सन्देह नहीं' ।।२९

यम ने उससे कहा—'श्वेत द्वीप के निवासी जो विष्णुदेव चक्र और गदा धारण करते हैं, वही अविनाशी मेरे शासक हैं' ।।३०

हे मुनि-श्रेष्ठ ! उनसे मुर ने कहा—'वे अजेय कहाँ रहते हैं ? मैं स्वयं वहाँ जाऊँगा। उनके निवास-स्थान को मुझे बताओ' ।।३१

यम ने उससे कहा--'क्षीरोद नामक सागर को जाओ, जहाँ तपोमय स्वामी विष्णुदेव रहते हैं' ।।३२

यह बात सुनकर मुर बोला—'मैं केशव के पास जाता हूँ, किन्तु तब तक तुम पापी लोगों को मत बाँधना' ।।३३

उन यम ने कहा-'तुम जाओ, विजय पाने की चेष्टा करो और जैसी सम्पन्नता तुम्हें मिले, उससे इस व्यक्ति को भी अवगत कराओ' ।।३४

'अच्छा' कहकर मुर दुग्ध-सागर की ओर चला, जहाँ शेष-शय्या पर चतुर्मूर्ति जनार्दन विराजमान थे ।।३५

'हे लक्ष्मी-पति ! मुझे युद्ध दीजिए, मेरी दोनों भुजाएँ खुजला रही हैं। अपने समान मैं किसी को नहीं देखता, जिसके साथ मैं युद्ध करूँ' ।।३६

दैत्य की इस दर्प-पूर्ण बात को सुनकर केशव ने कहा-'अभी तुम्हारी मृत्यु का समय नहीं आया है। हे दैत्य-राज ! द्वापर युग के आने पर दुष्टों के नाश के लिये मैं पृथ्वी पर कृष्ण-रूप से अवतरित होऊँगा। तब बहुत सी कन्याओं के अपहर्ता, बैलों, गायों और ब्राह्मणों के द्वेषी, ऋषियों को कष्ट देनेवाले, प्राग्ज्योतिष-पुर के स्वामी, भौम नामक महाऽसुर को मैं मारूँगा ।।३७-३९

'तुम तुरन्त पृथ्वी-लोक में जाओ। वहाँ निर्विघ्न-रूप से राज्य करते हुये युद्ध-रस की प्राप्ति के लिए समय की प्रतीक्षा करो। जिस देश में और जिस समय प्राणियों की मृत्यु निश्चित होती है, वहीं और उसी समय मनुष्य, दैत्य या पशु को वह मृत्यु मिलती है' ।।४०-४१

मार्कण्डेय बोले—हे मुनि-श्रेष्ठ ! इस प्रकार बहुत समय बिता-कर उस दानव मुर ने भौमासुर की सेना का सेनापतित्व ग्रहण किया ।।४२

वह बलवान् मुर अपने दस पुत्रों और पञ्च लोगों के साथ सुन्दर प्राग्-ज्योतिषपुर की रक्षा करने लगा। शुम्भ तथा अन्धक दो वीरों ने उसकी सहायता की ।।४३

विष्णु की सनातनी महा-माया भगवती देवी नन्द गोप के घर में कृष्ण की कल्याणी बहन के रूप में उत्पन्न हुईं ।।४४

भगवान् की शक्ति-स्वरूपा, तीनों लोकों को मुग्ध करनेवाली त्रिगुणा, परा प्रकृति ही अपने एक अंश से विख्यात हुईं ।।४५

उनसे युक्त होकर अब द्वापर में सभी लोकों द्वारा वन्दित, पालन-कर्ता, भूतात्मा, देवी-सहाय भगवान् ने अवतार लिया।४६।।

विष्णुदेव के कृष्णावतार द्वारा वह मुर दैत्य अति भयङ्कर युद्ध में अनायास ही अपने पुत्रों के साथ मारा गया ।।४७

हयग्रीव, अन्धक, मुर, पञ्च लोग और चतुरङ्गिणी सेना से युक्त महा-वीर शुम्भ तथा अन्य सभी दैत्य युद्ध में कृष्ण के द्वारा मारे गए ।।४८

मुर दैत्य को मारकर तब से दैत्य-शत्रु देवेश्वर भगवान् विष्णु 'मुरारि' नाम से प्रसिद्ध हुये और उन्होंने परमा ख्याति पाई ।।४९

इस प्रकार हे द्विज ! विष्णु की शक्ति-स्वरूपिणी नित्या भगवती स्वयं अथवा विष्णु की सहायता से दैत्यों का संहार करती है ।।५०

सभी प्राणियों के बन्धन और मोक्ष की कारण-भूता वही परम प्रधान हैं। उन परमेश्वरी की भक्ति-पूर्वक आराधना कर लोग भुक्ति-मुक्ति को प्राप्त करते हैं ।।५१

ग्यारहवाँ अध्याय

[तीर्थों का माहात्म्य]

मैत्रेय ने पूछा—हे मुने ! सूर्य कहाँ से उत्पन्न हुआ ? चन्द्रमा कहाँ से उत्पन्न हुआ ? अग्नि कहाँ से उत्पन्न हुआ और जल कहाँ से उत्पन्न हुआ ? मुझे यह सब सन्देह है, कृपया ठीक-ठीक बताएँ ।।१

मार्कण्डेय बोले-जनार्दन नारायण हरि ही आदि-देव हैं। हे द्विज ब्रह्मन् ! उनके दाएँ नेत्र से सूर्य, बाँएँ नेत्र से चन्द्रमा और उनके तेज से अग्नि उत्पन्न हुआ ।।२

उन्हीं हरि के थूक से संसार में जल की प्रतिष्ठा हुई और हे द्विज ! हरि के श्वास को वायु जानो। हे निष्पाप ब्रह्मन् ! जो तुमने पूछा, वह मैंने तुमसे कहा है ।।३

मैत्रेय ने कहा—हे महा-मुने ! तीर्थों की महिमा कहिए क्योंकि इनकी कथा सुनकर सभी पापों से व्यक्ति छूट जाता है ।।४

मार्कण्डेय बोले—सभी धर्मों से रहित कोई भी मनुष्य गङ्गा में स्नान कर पुण्यों से युक्त हो जाता है और मरने पर मोक्ष पाता है ।।५

हे मुने ! जो महिमा को बिना जाने हुये भी 'गङ्गा-गङ्गा' इस प्रकार प्रति-दिन कहता है, वह सात जन्मों में किये हुये पापों से छूट जाता है, इसमें सन्देह नहीं ।।६

बुद्धिमान् मनुष्य सदा गङ्गा में स्नान कर दान देता है और देवताओं तथा पितरों का तर्पण करता है ।।७

हे श्रेष्ठ द्विज ! गङ्गा किनारे विधिपूर्वक श्राद्ध कर ब्राह्मण को ध्यान देकर यथा-शक्ति धन देना चाहिए ।।८

हे मुने ! 'असी' और 'वरुणा' नदियों के मध्य में 'वाराणसी'-क्षेत्र है। जो कोई वहाँ देह-त्याग करता है, वह साक्षात् नारायण होता है ।।९

कामनाओं को देनेवाले तीर्थ-राज प्रयाग में 'मुण्डन' कराना चाहिए। वहाँ देह-त्याग करने से अभीष्ट फल प्राप्त होता है ।।१०

निमिष-क्षेत्र में नैमिष तीर्थ है, वहाँ स्नान करने की विधि है। डुबकी लगाने से ही करोड़ों जन्म में किए पाप नष्ट हो जाते हैं ।।११

हे श्रेष्ठ द्विज ! चक्र-तीर्थ (गण्डक-नदी) में बुद्धिमान को दान देना चाहिए । वहाँ विधि-पूर्वक स्नान करने से सभी पापों से व्यक्ति छूट जाता है ।।१२

हे श्रेष्ठ द्विज ! बुद्धिमान् को कुरु-क्षेत्र में दान देना चाहिए । वहाँ विधि-पूर्वक स्नान कर बहु-संख्यक ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ।।१३

'पुष्कर' में सदैव स्नान करना चाहिए और द्विजाति के लोगों को गाय देनी चाहिए । इससे सात जन्मों में किए पापों से व्यक्ति छूट जाता है, इसमें सन्देह नहीं ।।१४

'पृथूदक में प्रति-दिन स्नान करनेवाला मनुष्य विलक्षण बन जाता है, उसके दर्शन मात्र से ब्रह्म-हत्या आदि पाप नष्ट हो जाते हैं ।।१५

'कपाल-मोचन में भी स्नान कर श्रेष्ठ मनुष्य पृथ्वी पर सभी पापों से मुक्त हो जाता है और वह दिव्य लोक को जाता है ।।१६

हे श्रेष्ठ मुनि ! 'प्रभास' तीर्थ में सदैव स्नान कर मनुष्य सात जन्मों में किए पापों से छूट जाता है, इसमें सन्देह नहीं ।।१७

हे मुने ! 'हरिद्वार' आदि और 'विदर्भ आदि तीर्थ तथा पवित्र आश्रम, क्षेत्र, मन्दिर आदि सभी दर्शनीय हैं । उनके सम्पर्क में साव-धानी-पूर्वक आना चाहिए क्योंकि उनके दर्शन और स्पर्श मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं ।।१८-१९

परिशिष्ट

श्रीचण्डी-सम्बन्धी साहित्य

जर्मनी (योरप) में मुद्रित कैटालॉगस कैटॉलॉगोरम, भाग १ के पृष्ठ १७६–१७७ पर जगज्जननी चण्डी से सम्बन्धित ५३ ग्रन्थों का उल्लेख निम्न प्रकार है—

१ चण्डिका-काम्य-होम-विधि, २ चण्डिका-कीलक, ३ चण्डिका-चरित, ४ चण्डिका-दण्डक-स्तोत्र, ५ चण्डिका-देवी कवच, ६ चण्डिका-नित्य-पूजा, ७ चण्डिका-पाठ-विधि, ८ चण्डिका-पूजा-विधान, ९ चण्डिका-पजा-विधि, १० चण्डिकार्गल, ११ चण्डिकार्चन-क्रम, १२ चण्डिकार्चन-चन्द्रिका, १३ चण्डिका-शतक, १४ चण्डिकाष्टोत्तर-शत-नामन्, १५ चण्डिकाष्टोत्तर-शत-नामावली, १६ चण्डिका-सन्तति, १७ चण्डिका-स्तोत्र, १८ चण्डिका-हवन-प्रयोग, १९ चण्डिका-हवनाङ्ग-वेदोक्त-पुण्याहवाचन-प्रयोग, २० चण्डिका-हृदय, २१ चण्डी (चण्डिका); २२ चण्डी-कल्प, २३ चण्डी-कवच, २४ चण्डी-कुच-पञ्चशती, २५ चण्डी-चरित, २६ चण्डी-चरित-चन्द्रिका, २७ चण्डी-डामर-टीका, २८ चण्डी - पद्धति, २९ चण्डी - पाठ, ३० चण्डी - पाठ-फल - वर्णन, ३१ चण्डी-पाठ-यन्त्रादि, ३२ चण्डी-पाठ-विधान, ३३ चण्डी-पुराण, ३४ चण्डी-पूजा-रसायन, ३५ चण्डी-प्रकरण, ३६ चण्डी-प्रयोग, ३७ चण्डी-माहात्म्य, ३८ चण्डी-रहस्य; ३९ चण्डी-विधान, ४० चण्डी-विधान - पद्धति, ४१ चण्डी - विधि, ४२ चण्डी - विलास नाटक, ४३ चण्डी-विलास तन्त्र, ४४ चण्डी-शतक, ४५ चण्डी-सपर्या-क्रम, ४६ चण्डी-सपर्या-क्रम-कल्प-वल्ली, ४७ चण्डी-सहस्र-नामन्, ४८ चण्डी-सार्ध-नव-विषय, ४९ चण्डी-स्तव-मन्त्र-परिच्छेद, ५० चण्डी-स्तोत्र, ५१ चण्डी-स्तोत्र-क्रम, ५२ चण्डी-स्तोत्र-प्रयोग-विधि, ५३ चण्डी-स्तोत्रान्तर्गत-मूर्ति-रहस्य-टीका।

गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ, प्रयाग में संगृहीत संस्कृत पाण्डुलिपियों की सूची अंग्रेजी में छपी है। उसके ग्रन्थ १ के प्रथम भाग के पृष्ठ ३०० पर–

१ चण्डिका-शाप-विमोचन-मन्त्रः, २ चण्डी-पाठ-क्रमः, ३ चण्डी-पाठ-विधानम्, ४ चण्डी-प्रयोग-विधिः, ५ चण्डी-षोडशोपचार-पूजन-विधिः, ६ चण्डी-स्तोत्र-प्रयोग-विधिः।

ग्रन्थ ३ के पृष्ठ १७० पर–

१ चण्डिकार्चन-विधिः, २ चण्डिका-शाप-विमोचनम्, ३ चण्डिका-शाप-विमोचन-मन्त्रः, ४ चण्डिका-शापोद्धारः, ५ चण्डी-पाठ-क्रमः, ६ चण्डी-विधिः, ७ चण्डी-शाप-विमोचन-मन्त्रः, और ग्रन्थ ३ के ही पृष्ठ २६८ पर—८ रुद्र-चण्डी स्तोत्रम्—

कुल १४ पाण्डुलिपियाँ देवी चण्डी या चण्डिका से सम्बन्धित द्रष्टव्य हैं।

वाराणसेय संस्कृत विश्व-विद्यालय की 'विवरण-पञ्जिका' के 'तन्त्र-ग्रन्थ-संग्रहात्मक षष्ठ भाग' के विविध पृष्ठों में १३ ऐसी पाण्डुलिपियों का उल्लेख है, जिनके नामों से 'चण्डी'–पद संयुक्त है। यथा—

चण्डी-पाठ-फलम् (पृष्ठ २०/१०८), २ चण्डी-सपर्या-क्रम-कल्प-वल्ली (पृष्ठ ८६/९२/१५६), ३ मङ्गल-चण्डी-पूजा-पद्धति (पृष्ठ १०४), ४ रुद्र-चण्डिका (पृष्ठ १२४), ५ चण्डी-सप्तशती-विधानम् (पृष्ठ १२४), ६ चण्डिका-हृदयम् (पृष्ठ १३), ७ चण्डी-मन्त्र-ध्यानम् (पृष्ठ १६८), ८ चण्डी-पाठ-फल-कथनम् (पृष्ठ २०६), ९ चण्डी-पाठ-क्रमः (पृष्ठ २३८), १० चण्डिका - यन्त्र - विधिः (पृष्ठ २५०), ११ चण्डिकाष्टकम्, १२ चण्डी-प्रयोग-विधिः, १३ चण्डी-स्तोत्रम्।

उक्त 'पञ्जिका' के पृष्ठ २५५ के बाद 'अक्षरानुक्र-मणिका' भी दी है किन्तु उसमें क्रमाङ्क ११, १२, १३ की पाण्डुलिपियों की जो संख्याएँ दी हैं, वे भ्रामक हैं। मूल भाग में उन संख्याओं पर अन्य पाण्डुलिपियों के नाम अङ्कित हैं।

म० म० स्व० पं० गोपीनाथ कविराज 'पद्म-विभूषण' कृत 'तान्त्रिक साहित्य' नामक शोध-ग्रन्थ (पृष्ठ-संख्या ८००, मूल्य ३० रु०) के पृष्ठ १६६–२०३ में भगवती चण्डी-विषयक तीस पाण्डुलिपियों का उल्लेख है। यथा—

१ चण्डिका-क्रम, २ चण्डिका - नवाक्षरी - मन्त्र-प्रकाशिका, ३ चण्डिका-पूजा, ४ चण्डिकार्चन-क्रम, ५ चण्डिकार्चन-चन्द्रिका, ६ चण्डिकार्चन-दीपिका, ७ चण्डिका-शतकम्, ८ चण्डिका-स्तोत्र, ९ चण्डिका-हृदय, १० चण्डी-टीका, ११ चण्डी-नवार्ण-पटल, १२ चण्डी-पद्धति, १३ चण्डी-पाठ, १४ चण्डी-पाठ-क्रम, १५ चण्डी-पाठ-प्रयोग-विधि, १६ चण्डी-पुराण, १७ चण्डी-पूजा-विधान, १८ चण्डी-पूजा-विधि, १९ चण्डी-प्रयोग-विधि, २० चण्डी-रहस्य, २१ चण्डी-विधान, २२ चण्डी- विधान - पद्धति, २३ चण्डी-शतक, २४ चण्डी-विवरण, २५ चण्डी-सपर्या- कल्प, २६ चण्डी - सपर्या - क्रम-कल्प-वल्ली, २७ चण्डी-स्तोत्र-क्रम, २८ चण्डी-स्तोत्र-प्रयोग-विधि, २९ चण्डी-स्तोत्र (अञ्जलि) मूर्ति-रहस्य-टीका, ३० चण्डी-स्तोत्र-व्याख्या।

क्रमाङ्क १६ पर उल्लिखित 'चण्डी-पुराण' के सम्बन्ध में कविराज जी ने 'तान्त्रिक साहित्य' में लिखा है :

मार्कण्डेय मुनि-विरचित। इसमें वर्णित विषय हैं दक्ष को शाप, सती का देह-त्याग, पीठों का—जहाँ सती के विभिन्न अङ्ग गिरे थे—माहात्म्य, मधु-कैटभ-बध, दुन्दुभि-बध, घोर-बध, नमुचि और चिक्षुर का बध, महिषासुर-बध, सुन्दोपसुन्द-बध, सनत्कुमारोपाख्यान तथा मुर-बध।

प्रस्तुत 'चण्डी-पुराण' की अनुक्रमणिका से उक्त विषयों की समानता है। अतः यह कहा जा सकता है कि उक्त 'पाण्डुलिपि' का ही पहला मुद्रित संस्करण प्रथम बार हिन्दी रूपान्तर सहित इस पुस्तक-रूप में प्रकाशित हो रहा है।

निवेदन

'चण्डी' मासिक पत्रिका द्वारा चुने हुए विषयों पर शोध-पूर्ण विशेषाङ्क पिछले कुछ वर्षों से प्रकाशित किए जा रहे हैं। इससे शाक्त-धर्म-सम्बन्धी साहित्य का प्रकाशन-कार्य नित्य वृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है।

आपसे निवेदन है कि 'विशेषाङ्क'—योजना के सदस्य बनकर इस महान् कार्य में हमें अपना सहयोग प्रदान करें व पुण्य के भागी बनें।

ऋतशील शर्मा
(प्रबन्ध सम्पादक)

मन्त्र, तन्त्र, योग
शक्ति उपासना
प्रकाश डालने वाली
एकमात्र मासिक पत्रिका
चण्डी कार्यालय
चण्डी
अलोपीबाग, इलाहाबाद-२११००६